जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, रविवार 5 मई, 2024



## विचार बिन्दु

गरीबी दैवीय अभिशाप नहीं, मानवीय सृष्टि है। –महात्मा गाँधी

# गरीबी से बड़ा कोई अभिशाप नहीं, और इससे मुक्ति दिलाने में शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण से बेहतर कोई उपाय नहीं

मेरा जीवन एक साधारण गाँव में शुरू हुआ, जहाँ अकूत गरीबी थी। मेरे पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे और मैं प्राय: उनको इस संघर्ष में देखता था कि कैसे वे एक ओर अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे और दूसरी ओर सरकारी अफसरों और नेताओं से हाथ जोड़कर अपने पदस्थापन स्थान के विकास के लिए याचना करते थे। मैंने तब इस बात को स्वयं जिया कि कैसे गरीबी न केवल जीवन की गुणवत्ता को कम करती है, बल्कि यह व्यक्ति की आत्मा को भी छलनी कर देती है। इस अभिशाप से मुक्ति पाने की छटपटाहट में मैंने शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण के महत्व को आत्मसात और क्रियान्वित किया।

शिक्षा ने मेरे लिए विश्व के बंद दरवाजे खोले। शिक्षा मेरे लिए ज्ञान की वह रोशनी लेकर आई, जिसने मुझे अपनी स्थितियों को समझने और उन्हें बदलने की रणनीति और शक्ति दी। स्वास्थ्य ने मुझे यह सिखाया कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ और निर्मल मन निवास करता है, और यही निर्मल मन व्यक्ति के समग्र कल्याण का बीज है। शांति ने मुझे आंतरिक संतुलन और सामंजस्य के चमत्कारी प्रभाव को समझाया, जो हमारे भीतर सहयोग और सद्भावना को बढ़ाता है। हमारे आसपास का पर्यावरण और उसको बेहतर रखने के प्रति सचेत रहने से मुझे यह समझ पाना सुलभ हुआ कि प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन केमूल आधार हैं, और इनकी सुरक्षा करना हमारी असल में हमारी अपनी भलाई के लिए अनिवार्य है।

इस प्रकार, मेरी कहानी आपको यह सिखा सकती है कि गरीबी से लड़ने और विजय पाने हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति, और पर्यावरण को साथ लेकर चलना होगा। ये चारों स्तंभ व्यक्तिगत जीवन के साथ ही समग्र समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। जब हम इन स्तंभों को सशक्त बनाते हैं, तो हम न केवल गरीबी के विरुद्ध एक प्रबल लड़ाई लड़ सकते हैं, बल्कि एक ऐसे समाज की नींव रख सकते हैं जो अधिक समृद्ध, स्वस्थ, और शांतिपूर्ण हो।

अपनी जीवन यात्रा में मैंने यह भी सीखा कि जब समाज एक साथ मिलकर काम करता है, तो बदलाव लाना तुलनात्मक रूप से शीघ्रतापूर्वक संभव हो पाता है। शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना, शांति की दिशा में काम करना, और पर्यावरण की रक्षा करना–ये सभी कार्य तब और अधिक प्रभावी होते हैं जब हम सभी इसमें साझा प्रयत्न करते हैं। मेरी कहानी यह भी दर्शाती है कि गरीबी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इसे पराजित करने के लिए हमारे पास शक्तिशाली रणनीतियाँ उपलब्ध हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति, और पर्यावरण के माध्यम से हम व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकते हैं, और साथ ही पूरे समाज और राष्ट्र को भी उन्नति की ओर ले जा सकते हैं। इस दिशा में मिलजुल कर किया गया कार्य एक ऐसे भविष्य की ओर ले जा सकता है जहाँ गरीबी मात्र इतिहास का हिस्सा बन कर रह जाए।

शिक्षा का महत्व तो जगजाहिर है। यह व्यक्ति को न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होती है। एक अनपढ़ व्यक्ति जो अपने अधिकारों से अनभिज्ञ होता है, उसे प्राय: शोषण का सामना करना पड़ता है। जब वही व्यक्ति शिक्षित हो जाता है, तो वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है, बल्कि अपने जीवन की बेहतरी हेतु सही निर्णय ले सकता है। उदाहरण के लिए, एक छोटे गाँव की एक युवती जिसने शिक्षा प्राप्त की और अपने गाँव में एक स्कूल खोला, उसने अपना जीवन तो बदला ही साथ ही अपने गाँव के बच्चों को भी शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य साधन है। बीमारियों से मुक्त एक स्वस्थ व्यक्ति अपने कार्य में अधिक सक्षम होता है और तुलनात्मक रूप से अधिक आय अर्जित कर सकता है। इसके उलट, एक बीमार व्यक्ति अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकता, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति दुष्प्रभावित होती है। स्वास्थ्य सेवाओं का सुलभ होना और उनकी गुणवत्ता दोनों ही महत्वपूर्ण है। एक स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध और सुखी समाज की नींव रख सकता है। एक छोटे गाँव में, जहाँ पहले स्वास्थ्य सेवाएं नहीं थीं, वहाँ एक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना से न केवल बीमारियों का बेहतर प्रबंधन हुआ, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता में भी सुधार हुआ।

**शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य साधन है। बीमारियों से मुक्त एक स्वस्थ व्यक्ति अपने कार्य में अधिक सक्षम होता है और तुलनात्मक रूप से अधिक आय अर्जित कर सकता है। इसके उलट, एक बीमार व्यक्ति अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकता, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति दुष्प्रभावित होती है।**

शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही शांति भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य घटक है। एक शांतिपूर्ण समाज में, व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के बेहतर अवसर प्राप्त होता है। जिस समाज में हिंसा और अशांति होती है उसमें सतत विकास की संभावनाएं घट जाती हैं और गरीबी बढ़ती जाती है। फलत:, शांति को बढ़ावा देना और आपसी संघर्षों को कम करना गरीबी से मुक्ति के लिए अनिवार्य है।

गरीबी को मिटाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और शांति के साथ–साथ पर्यावरण का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरणीय स्थिरता से हमारे संसाधन सुरक्षित रहते हैं, जो कि सतत आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकीय विकास और लोगों के कल्याण में मौलिक भूमिका निभाते हैं। जब पर्यावरण संरक्षित होता है, तो यह खाद्य सुरक्षा में योगदान देता है, प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करता है, और स्वच्छ जल, वायु और मृदाप्रदान करता है। इस प्रकार, पर्यावरणीय स्थिरता प्राकृतिक पारिस्थितिकीय तंत्रों के साथ ही मानव समाज के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिरता के लिए भी अनिवार्य है। इसलिए गरीबी उन्मूलन की हमारी रणनीतियों में पर्यावरणीय संरक्षण को भी प्रमुख स्थान देना चाहिए। प्राकृतिक जलवायु समाधान जिसमें कार्बन पृथक्करण और संचय, जैव–विविधता का संरक्षण, और आजीविका में सुधार शामिल हैं, एक ऐसा रास्ता देते हैं जो गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक संसाधनों का सुदृढीकरण भी करते हैं।

इन चारों स्तंभों – शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण – को सुदृढ़ करने से ही गरीबी के चक्र को तोड़ा जा सकता है और एक समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि सरकारें और समाज के सभी वर्ग इन क्षेत्रों में प्राथमिकता से निवेश करें। इन मूलभूत कारकों को सम्हाली बिना गरीबी के विरुद्ध एक प्रभावी और निर्णायक लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती।

यदि एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन नहीं दे सकता, तो वास्तव में उसके पास देने के लिए और क्या बचता है? ये सभी तत्व न केवल एक समृद्ध समाज की नींव हैं, बल्कि ये हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण हैं। एक व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के रूप में हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हम इन मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करें और अपने नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वस्थ, और शिक्षित भविष्य प्रदान करें।

इसी विश्वास के साथ हम एक श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण प्रारम्भ कर रहे हैं कि यह ज्ञान व्यक्तियों, परिवारों समाज और सरकारों को गरीबी उन्मूलन के लिए एक नवाचारी और प्रमाण–आधारित दिशा प्रदान करेगा। यदि हमारा देश अपने नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को तो बढ़ाएगा ही साथ ही समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करेगा। इन मूलभूत कारकों को ध्यान रखकर तय की गई प्राथमिकता ही वह आधार है जिस पर एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है।

इस विश्लेषण में हम आने वाले समय में यह स्पष्ट करेंगे कि कैसे शिक्षा नागरिकों को नई तकनीकें और विचार सीखने में मदद कर सकती है, स्वास्थ्य सेवाएं कैसे उन्हें अधिक उत्पादक बना सकती हैं, पर्यावरणीय संरक्षण कैसे संसाधनों की रक्षा कर सकता है, और शांति कैसे हमारे समाज को अधिक सहयोगी और सद्भावपूर्ण बना सकती है। हम उम्मीद करते हैं कि इस विश्लेषण के माध्यम से प्राप्त निष्कर्ष समाज और सरकारों को इन क्षेत्रों में नीतियाँ और कार्यक्रम विकसित करने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे गरीबी कम होने के साथ ही देश की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

हम इस श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण को इस आशा और विश्वास के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं कि यह ज्ञान, गरीबी को मिटाने के लिए समाज और सरकारों को एक नई दिशा देगा। जब एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह न केवल व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करता है। ये सभी तत्व एक समृद्ध समाज की नींव हैं और हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं। इससे न केवल हमारे देश की समग्र उन्नति सुनिश्चित होगी, बल्कि यह हमारे नागरिकों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाने में भी मदद करेगा। यह आवश्यक है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और शांति के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दें और इन्हें अपनी राष्ट्रीय नीतियों का केंद्र बिंदु बनाएं। इस प्रकार, हम एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर होंगे जहाँ हर नागरिक के पास अपनी पूर्ण क्षमता को प्राप्त करने का अवसर होगा।

हम इस बात को समझते हैं कि गरीबी एक जटिल समस्या है जिसका समाधान एक क्षेत्र में कार्य करने से नहीं, अपितु एक समन्वित और समग्र दृष्टिकोण से ही हो सकता है। इसलिए हमारी श्रृंखला विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के विचारों और अनुभवों को साझा करेगी, और शोध–आधारित विचारों को आगे लायेगी, जिससे नवाचार और सुधार के लिए प्रेरणा मिल सके। अंत में, हम आशा करते हैं कि यह श्रृंखला न केवल जागरूकता बढ़ाएगी बल्कि समाज और सरकारों को उन नीतियों और कार्यक्रमों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी जो वास्तव में गरीबी को कम करने और हमारे देश को एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# गुढ़ा में जल जीवन मिशन योजना के तहत टंकियों का निर्माण कार्य अधूरा

**सांभरझील, ( निसं )।** निकटवर्ती जाब्दीनगर व गुढ़ासाल्ट में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई गई पेयजल टंकियां लंबे समय से शॉ–पीस बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करोड़ों रूपए खर्च करने के बावजूद भी पानी की सप्लाई घरों तक नहीं पहुंच पाई। इस लचर सिस्टम के चलते गर्मी के सीजन में भी लोगों के कंठ तर नहीं हो पा रहे हैं। नहर का मीठा पानी पीने के लिए ग्रामीणों को आज भी इंतजार करना पड रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि हर घर नल कनेक्शन योजना के तहत पुरानी लाईन को तो हटा दिया गया लेकिन अभी तक नई लाईन नहीं डालने से काम अटका पड़ा है।

टंकी निर्माण और हर घर जल योजना को अभी साकार होने में कितना वक्त लगेगा इस बारे में कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहे हैं। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि प्यास बुझाने के लिए चार सौ रूपए टैंकर मंगवाकर आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इतना पैसा खर्च करने के बावजूद भी तीन दिन पहले बुकिंग करानी पड़ती है तब जाकर टैंकर घरों तक पहुंचता है। कुएं, नलकूप आदि का जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि पेयजल की समस्या लगातार और बढ़ती जा रही है। यहां तक की कुओं का पानी भी खारा हो गया है। फ्लोराइड युक्त पानी पीने की मजबूरी हो गई है। लोगों को हाथ पैरों में दर्द रहने लगा है। संक्रामक बीमारियों खतरा हो सकता है। ठाामीण बताते हैं कि पीने योग्य पानी नहीं होने के बावजूद ऐसे पानी का इस्तेमाल करने से एसिडिटी, गैस, अपच आदि बीमारियां बढ़ ने लगी है।


गुढ़ा में टंकी निर्माण कार्य लंबे समय से अटका पड़ा है।

■ **पेयजल योजना के इंतजार में ग्रामीणों की आंखें पथराई**

मीठे पानी की आस में लोगों ने लगभग दो वर्ष पहले ग्राम पंचायत में एक हजार तीन सौ रूपए की राशि का नगद भुगतान कर दिया था लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है। जाब्दीनगर में टंकी की सीढियां नहीं बन सकी तो वहीं गुढासाल्ट में अभी फाउण्डेशन और पिलर ही खड़े हो सके हैं। बता दें कि योजना को मूर्त रूप देने के लिए पानी के स्टॉक और सप्लाई के लिए टेंक ही नहीं बने हैं। गुढ़ा में लगभग एक साल से काम बंद पड़ा है।

इधर, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग की ओर से इतने दिनों में संवेदक को नोटिस भी जारी किया गया लेकिन कभी लेबर दूसरी जगह काम कर रही है, तो कही पर्याप्त कार्मिक नहीं होने या मौसम प्रतिकूल बढ़कर फर्म काम नहीं करने की बात कह कर रही है। गौरतलब है कि टंकी परियोजना तथा कई निर्माण कार्यों की लागत, दिनांक आदि का ब्यौरा तथा संबधित बोर्ड आदि की सूचना चस्पा नहीं की गई जिस वजह से निर्माण कार्य के प्रारंभ व समाप्ति की तारीख कब होगी कोई जानकारी नही है। इस बारे में कर सहायक अभियंता बच्चू सिंह का कहना है कि फर्म काम नहीं कर रहीं है, वर्तमान संवेदक कार्य करेगा या नहीं इसकी जानकारी उच्चाधिकारयों को जयपुर भेजी हुई हैं। टंकी निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू कराने की कोशिश हमारे स्तर से की जाएगी।

# सिमारा गांव में चीता के आने से दहशत फैली

## चीता को पकड़कर वापस मध्यप्रदेश के जंगलों में पहुंचाया

**करौली, ( निसं )।** करणपुर के सिमारा गांव में शनिवार प्रात: एक चीता के घुसने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम सिमारा गांव पहुंची। वन विभाग और पुलिस ने कड़ी मशक्त करते हुए देर शाम चीता को ट्रैंकूलाईज कर वापस मध्य प्रदेश के जंगलों में भेजा।

चीता के मध्य प्रदेश स्थित कूनो सफारी पार्क से करौली पहुंचने की सूचना मिली थी वन विभाग के अधिकारियों का कहना था कि चीता को पकड़कर वापस कूनो पहुंचाया गया है। सिमारा गांव निवासी केदार मीणा ने बताया कि प्रात: जब कुछ ग्रामीण खेतों पर जा रहे थे तो उन्होंने एक जंगली जानवर को देखा। जंगली जानवर को देखकर वो डरकर वापस गांव में आ गए और अन्य ग्रामीणों को भी जानकारी। इसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को भी जंगली जानवर के क्षेत्र में आने की सूचना दी। सूचना पर वन विभाग करौली और मध्य प्रदेश की टीम तथा पुलिस दल भी सिमरा गांव पहुंचा पुलिस ग्रामीणों को चीता से पर्याप्त दूरी बनाए रखने में दिन भर जुटी रही। वहीं देर शाम वन विभाग की टीम ने चीता को ट्रेंकुलाइज कर वापस कूनो पहुंचाया है। करौली वाइल्डलाइफ उपवन संरक्षक पीयूष शर्मा ने बताया कि किसी जानवर के सिमारा गांव में पहुंचने की सूचना मिली थी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जानवर की पहचान नर चीता के रूप में हुई।


करौली के निकट सिमारा गांव में आये चीता को टेकूलाईज कर वापस मध्य प्रदेश भेजा।

## कैचमेन्ट एरिया में अतिक्रमण से पानी की आवक में आई कमी

**जैसलमेर, ( नि.सं. )।** पाकिस्तान भारत एक था उसी दौरान जैसलमेर रियासत में अपना व्यवसाय चलाने वाले माहेश्वरी डांगरा परिवार बद्रीप्रसाद, नन्दकिशोर और अचलदास डांगरा के पूर्वजों द्वारा 209 वर्ष पूर्व चेत्र शुक्ला त्रयोदशी संवत 1872 में बांधा में गिरधारी की तलायी का निर्माण करवाया गया। पिछले 209 वर्ष से बांधा एरिया के रहवासियों और मवेशी के जल पीकर प्यास बुझाने का स्त्रोत्र गिरधारी की तलाई है। तलाई का घाट 2014 में मनरेगा के अंतर्गत बांधा पंचायत द्वारा बनवाया जा चुका है तलाई के मध्य खेजड़ी के दो विशाल पेड़ है। पिछले कुछ वर्षों से गिरधारी तलाई के कैचमेन्ट एरिया में अतिक्रमण बढ़ ने से बरसाती पानी का मार्ग बंद होने लगा है उसी वजह से वर्तमान में तलाई में पानी की कमी है। सरहद पर बसे शाहगढ़, बांधा, खुईयाला की मवेशी को पेयजल की समस्या होने लगी है। उपनिवेशन विभाग और जिला प्रशासन को गिरधारी तलाई के कैचमेन्ट एरिया में हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करनी चाहिये ताकि एरिया में पानी की समस्या से 365 दिन निजात मिल सके।

# रेगिस्तान में कमरे को बना दिया कश्मीर, खिला दिए केसर के फूल

## बीकानेर में एक युवा किसान सुनील जाजड़ा ने अनोखा प्रयोग कर फसल उगाई

**बीकानेर, ( कासं )।** कश्मीर जैसे ठंडे प्रदेश की फसल केसर अब यहां भी उगने लगी है। दरअसल बीकानेर में एक युवा किसान सुनील जाजड़ा ने अनोखा प्रयोग कर केसर की फसल को उगाया। अब वे लाखों रुपए का मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने एयरोपोनिक्स तकनीक से तैयार किए गए एक कमरे में ही केसर को उगा दिया।

सुनील ने बताया कि उन्होंने करीब 6 लाख रुपए का निवेश किया था। हालांकि ये सभी निवेश स्थाई सामान पर था। ऐसे में अब उन्हें और खर्चा करने की जरूरत नहीं रही। उन्होंने बताया कि पहली बार बीज खरीदकर लाने पड़े थे। अब वे भी नहीं लाने पड़ेंगे, बल्कि कई गुना बीज हर साल तैयार होते रहेंगे। अब सिर्फ एयरोपोनिक्क तकनीक के तैयार किए कक्ष में तापमान और आवश्यक नमी मेंटेन रखने और फूलों को खिलने के लिए जरूरी यूवी (अल्ट्रावॉयलेट) रोशनी पर खर्च होने वाली बिजली ही लगेगी। ऐसे में एक कमरे में सालाना करीब दस लाख रुपए तक आय होने लगी।

स्नातकोत्तर तक शिक्षित और किसान के बेटे सुनील जाजड़ा बीकानेर के चोपड़ाबाड़ी, गंगाशहर क्षेत्र में रहते हैं। अप्रेल 2020 में लॉकडाउन के दौरान उनका टायरों का शोरूम बंद हो गया, तब एक वीडियो देख केसर की खेती करने का विचार आया। साल 2021 में श्रीनगर गए। वहां केसर की खेती देखी और कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से बात की। फिर चार–पांच बार श्रीनगर जाकर किसानों से केसर की खेती के लिए तापमान और नमी की जानकारी जुटाई और बीकानेर आकर खेती शुरू की।

सुनील ने आईटी एक्सपर्ट सुनील पाणेचा की मदद से कमरे में श्रीनगर जैसा क्लाइमेट तैयार किया। चिंलिंग प्लांट, दीवारों पर थर्माकोल लगाकर कक्ष में लकड़ी के फ्रेम बनाए। इस तरह तीन साल की पूरी तैयारी के बाद अगस्त 2023 में कश्मीर से केसर के पौधे की बल्बनुमा जड़ यहां लाकर कक्ष में रखी। इसके बाद इनकी कपोल पर फूल खिलने के साथ केसर प्राप्त होनी शुरू हो गई। यह लहसुन और प्याज की तरह उग रहे हैं। सुनील अगस्त महीने में इनको निकालेंगे और एयरोपोनिक तकनीक से तैयार वातानुकूलित कक्ष में ट्रे में रख देंगे। जहां फूलों को खिलाने के लिए यूवी रोशनी के लिए एलईडी भी लगी है। कक्ष में सितम्बर और अक्टूबर में रहने के बाद नवम्बर में केसर के फूल खिल जाएंगे।

## राशिफल रविवार 5 मई, 2024


पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 7:57 तक, वैद्युति योग प्रात: 7:36 तक, कौलव करण प्रात: 7:10 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मीन, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से सांय 5:42 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 7:57 तक है। आज प्रदोष व्रत, वैद्युति पूण्यं, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:28 से 9:06 तक, लाभ–अमृत 9:06 से 12:23 तक, शुभ 2:02 से 3:40 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:49, सूर्यास्त 6:58

**मेष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों को उचित सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**कर्क**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। पारिवारिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज परिवार में धार्मिक–मांगलिक आयोजन हो सकते हैं।

**मीन**
महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या से राहत मिल सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 28 प्रभात जालोर, रविवार 5 मई, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*ऐतिहासिक वृत्तांतों में, अब विलुप्त हो चुके कैलिफोर्निया ग्रिज़ली भालुओं को अक्सर, ऐसे विशालकाय व खून के प्यासे जंगली जानवरों की तरह दर्शाया जाता था, जो हमेशा मनुष्य व मवेशियों पर हमला करने को तत्पर रहते थे। लेकिन, वैज्ञानिकों का कहना है कि, वास्तविकता शायद इतनी नाटकीय नहीं थी। प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी जर्नल में प्रकाशित एक पेपर के अनुसार, ग्रिज़ली भालू अधिकतर वैजिटेरियन डाइट खाते थे और जितना बताया जाता है, उससे साइज़ में काफी छोटे थे। एक समय कैलिफोर्निया में बड़ी संख्या में पाए जाने वाले ग्रिज़ली भालू उस समय संकट में आये जब यूरोप और फिर अमेरिका से लोगों ने यहाँ बसना शुरु किया। इन लोगों ने भालुओं के प्राकृतिक आवास क्षेत्रों को खत्म करना और विखंडित करना शुरु कर दिया। साथ ही ये लोग अक्सर भालुओं का शिकार करते और इन्हें ट्रैप करते थे। क्योंकि उन्हें डर था कि, भालू उनके मवेशियों को खा जाएंगे। समय के साथ, इन्सानी गतिविधियों के कारण, कैलिफोर्निया ग्रिज़ली भालुओं की आबादी में भारी कमी आ गई। आखिरी बार कैलिफोर्निया ग्रिज़ली भालू सौ साल पहले, वर्ष 1924 में नज़र आया था और उसके कुछ समय बाद ये पूरी तरह गायब हो गए। शोधकर्ता इन भालुओं की विलुप्ती के कारणों के साथ-साथ इनके व्यवहार, साइज़ और डाइट के बारे में जानना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अभिलेखीय दस्तावेजों के साथ-साथ नैचुरल हिस्ट्री कलैक्शन के ग्रिज़ली नमूनों का अध्ययन किया। भालुओं के शरीर के आकार का अंदाज़ लगाने के लिए इनकी खोपड़ी और दांतों को नापा तथा रसायनिक तत्वों का पता लगाने के लिए इनकी हड्डियों व खाल का विश्लेषण किया। रसायनिक अध्ययन से वैज्ञानिक भालुओं की डाइट के बारे में पता लगाना चाहते थे। अध्ययन में सामने आया कि सौ साल पहले के कैलिफोर्निया ग्रिज़ली भालू का साइज़ आज के भालुओं जैसा ही था, ये लगभग 400 पाउण्ड के थे, जो कि उस समय के वृतांतों के 2000 पाउण्ड से बहुत कम है। साथ ही, इनकी हड्डियों व खाल की रासायनिक जांच से सामने आया कि, ये जानवर, 1542 में यूरोपियन्स के आने से पहले व बाद में, मुख्य रुप से पौधे खाते थे। यह बात भी उस धारणा के विपरीत है कि, सौ साल पहले कैलिफोर्निया ग्रिज़ली भालू भयावह और मांसभक्षी थे।*

# स्पैशल इन्वैस्टिगेशन टीम ने पहली गिरफ्तारी की कर्नाटक सीरियल रेप प्रकरण में

## सीरियल रेपिस्ट प्रज्वल रैवन्ना के पिता एच.डी. रैवन्ना को उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के घर से स्पैशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) ने गिरफ्तार किया

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। हासन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी प्रज्वल के पिता एच.डी. रैवन्ना की एक रेप पीड़िता के अपहरण में कथित संलिप्तता के आरोप में आज शाम गिरफ्तारी हुई। केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के लिए गिरफ्तारी का इससे बुरा कोई समय नहीं हो सकता, क्योंकि कर्नाटक की शेष 14 लोकसभा सीटों के लिए 7 मई को वोटिंग है। बताया जाता है कि, कथित सीरियल रेपिस्ट प्रज्वल रैवन्ना जर्मनी भाग गया है। एक स्थानीय कोर्ट द्वारा उनके पिता एच.डी. रैवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त किए जाने के कुछ मिनट बाद उन्हें उनके पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

- **एक 20 वर्षीय युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, उसकी मां, जो रैवन्ना के निवास पर, आया का काम करती थी, अचानक गायब हो गयी थी तथा उस युवक का मानना था कि, उसकी मां का अपहरण किया है।**
- **जैसा कि विदित ही है, कर्नाटक में द्वितीय चरण के मतदान से ठीक पहले प्रज्वल रैवन्ना द्वारा कई महिलाओं का यौन शोषण करने व उनका दुष्कर्म करने के वीडियो उजागर होना जद (एस) व भाजपा को भारी पड़ सकता है, कर्नाटक में ही नहीं बल्कि पूरे देश में।**
- **प्र.मंत्री मोदी द्वारा प्रज्वल रैवन्ना के चुनावी मंच से यह कहने, कि रैवन्ना को वोट देकर आप मुझे मजबूत करें, का वीडियो भी वायरल हो रहा है। भाजपा की स्थिति काफी अटपटी हो गयी है तभा भाजपा द्वारा इस रेप के मुताल्लिक, कोई स्पष्टीकरण देना कुछ मायने नहीं रखता।**

जद (एस) के विधायक एच.डी. रैवन्ना को पुलिस की स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम ने उनके विरूद्ध दर्ज अपहरण के एक केस में गिरफ्तार किया।

एच.डी. रैवन्ना को जिस केस में गिरफ्तार किया गया है, वह एक 20 वर्षीय युवा की मां के कथित अपहरण से संबंधित है। इस युवा ने पुलिस में शिकायत की थी कि, रैवन्ना परिवार के फार्म हाउस में एक हाउस मेड के रूप में कार्य करने वाली उसकी मां लापता है। सीनियर रैवन्ना का संकट बढ़ता जा रहा है क्योंकि जो केस दर्ज किया गया है वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 364 ए (अपहरण) और धारा 365 (जबरन बंधक बनाना) के तहत दर्ज किया गया है और ये दोनों ही धाराएं गैर ज़मानती हैं।

रैवन्ना व अन्य द्वारा विभिन्न आयु वर्ग की अनेक महिलाओं के कथित बलात्कार व हमलों का खौफनाक व चौंकाने वाले केस का विस्फोट लोकसभा चुनावों के बीचों बीच हुआ है। और केवल कर्नाटक ही नहीं बल्कि देश भर में यह जद (एस) व भाजपा को भी जद (एस) से संबंध होने के कारण अवश्य ही झुलजाएगा। क्योंकि, सोशल मीडिया ने इस भयानक केस को देश के कोने-कोने में पहुँचा दिया है।

सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक भारी समस्या यह साबित हो रही है कि, वो कांग्रेस पर इसका दोष नहीं मढ़ पा रही है। भाजपा का कहना है कि, कांग्रेस को भी इन वीडियो के बारे में पता था और उसने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। लेकिन भाजपा की यह बात उसे इस बात से बरी नहीं करती है कि, रैवन्ना जैसे अपराधी से उसका निकट संबंध था।

भाजपा ने ना केवल बलात्कार के मामलों और सभी वीडियो की मौजूदगी को नज़रअंदाज किया बल्कि अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अपना मुस्लिम वोट बैंक खिसकता देख ममता बनर्जी बौखलायीं

## ममता बनर्जी ने संदेशखाली प्रकरण को भाजपा द्वारा रचित व प्रस्तुत नाटिका बताया

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। हर तरफ से घिरी हुई, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अब चुनावी लाभ उठाने के लिए "स्कैण्डल" गढ़ने शुरु कर दिए हैं। वो आरोप लगा रही हैं कि, संदेशखाली में हुई नीचतापूर्ण घटनाएं, सब ड्रामा थीं, जिन्हें सोच समझकर रचा गया था।

- **और अब अचानक ही राजभवन में कार्यरत महिला कर्मचारी ने राज्यपाल आनंद बोस पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया।**
- **तथा आनन-फानन में पुलिस की एक टीम तत्परता से राजभवन पहुंच गई, यौन उत्पीड़न के मामले की तहकीकात करने।**
- **राज्यपाल की शायद गल्ती यह थी कि, उन्होंने संदेशखाली व अन्य स्थानों पर चुनाव क्षेत्र की यात्रा की और जमीनी हालत की जानकारी लेने का प्रयास किया।**

एक बार फिर, अचानक ही राज भवन की एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने उसका यौन शोषण किया है। राज्य पुलिस की एक टीम शीघ्रता से बिना समय गंवाए आरोपों की जाँच करने राजभवन पहुँच गई।

महिला कर्मचारी ने दावा किया कि, उसे राज्यपाल के खिलाफ हज़ारों शिकायतें मिली हैं। उसने कहा कि, राज्यपाल चुनावी क्षेत्रों के दौरे कर रहे हैं और नौकरी से हटाए गए शिक्षकों की तरफदारी कर रहे हैं।

ममता बनर्जी ने अब दावा किया है कि, संदेशखाली की संपूर्ण घटना भाजपा द्वारा लिखी गई पटकथा के अनुसार घटी थीं। उन्होंने इस बात से इन्कार किया है कि, इस क्षेत्र में उनकी पार्टी के लोगों ने कोई गलत काम किया है। उनका कहना है कि, भाजपा के लोगों ने जमीनें हथियाने और महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में बातें फैलाई हैं।

ममता आने वाले समय में बिगड़ते हुए राजनीतिक माहौल को महसूस कर रही हैं और भविष्य की संभावनाओं के संकेत समझते हुए वे मतदाताओं को धमकाए जाने तथा कम मतदान आदि की शिकायत कर रही हैं। उन्होंने चुनाव आयोग की मिली भगत का आरोप भी लगाया था।

जमीनी वास्तविकता यह है कि, मुस्लिम मतदाताओं का उनका वफादार वोट बैंक अब उनके खिलाफ हो गया है। मुसलमान अब खुले आम यह कहकर तृणमूल सुप्रीमो की आलोचना कर रहे हैं कि, उन्होंने अल्पसंख्यकों को "फुटबॉल" की तरह इस्तेमाल किया है। ममता द्वारा मुसलमानों जैसे कपड़े पहनने और मुसलमानों की सभा में कुछ मुस्लिम आयतें पढ़ने जैसे उनके व्यवहार की मुसलमान खुले आम आलोचना कर रहे हैं, क्योंकि, साथ-साथ ही वे मुस्लिम लड़कों को जेल और मौत की तरफ धकेल रही हैं।

अल्पसंख्यकों के वोट बंटने के कारण ममता बनर्जी डांवाडोल स्थिति में हैं और बचाव की मुद्रा में आ गयी हैं। ऐसा लगता है कि, विभिन्न खतरे सामने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रायबरेली में राहुल के मुकाबले दिनेश प्रताप सिंह

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। भाजपा ने रायबरेली से राहुल गांधी से मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने वर्ष 2019 में सोनिया गांधी के खिलाफ रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें वह सोनिया गांधी की जीत के वोटों का अन्तर कम करने में सफल रहे थे।

- **भाजपा ने राहुल गांधी के सामने दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है, जो पूर्व कांग्रेसी हैं।**

दिनेश रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेसी सदस्यों से भली भांति परिचित हैं क्योंकि वह वर्ष 2018 तक स्वयं कांग्रेस में थे। वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद में लगातार तीसरी बार सदस्य बने हैं। वर्ष 2019 में उन्हें 39.36 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि सोनिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीसरे चरण की वोटिंग, आज अयोध्या के राम मंदिर जायेंगे मोदी

## 2019 के आम चुनाव की प्रक्रिया के बाद प्र.मंत्री मोदी की यह छठी यात्रा होगी अयोध्या की

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। तीसरे दौर के मतदान से पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुसंख्यक हिन्दू मतदाताओं तक अपनी पहुंच बनाने के प्रयास के तहत वे एक बार पुनः 5 मई को धार्मिक शहर अयोध्या का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के अयोध्या दौरे को लेकर अभी उनकी यात्रा के विस्तृत कार्यक्रम की प्रतीक्षा है, ऐसी संभावना है कि, मोदी राम मंदिर वाले शहर में एक रोड शो करेंगे, उस समय वे एस.यू.वी. वाहन में शहर भर में घूमेंगे और वे वहां जनसभा नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से फैजाबाद के मौजूदा सांसद, लल्लू सिंह सहित आसपास के जिलों से पार्टी के उम्मीदवारों को भी लाभ होने की संभावना है।

- **मोदी रविवार को तीन बजे इटावा पहुंचेंगे और फिर धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में जायेंगे तथा शाम सात बजे राम मंदिर दर्शन हेतु अयोध्या पहुंचेंगे।**
- **वे अयोध्या में एक एस.यू.वी. में रोड शो करेंगे पर आम सभा का आयोजन नहीं किया गया है।**
- **भाजपा को आशा है कि, प्र.मंत्री की अयोध्या यात्रा से यू.पी. के शेष बचे चरणों के मतदान पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। ऐसा महसूस किया जा रहा था कि, राम मंदिर के निर्माण से प्रज्ज्वलित उत्साह की शक्ति कुछ कमज़ोर पड़ने लगी और अब प्र.मंत्री की अयोध्या यात्रा इस अग्नि को फिर जोर-शोर से प्रज्ज्वलित करने में घी की आहूति का काम करेगी।**

विशाल "प्राण प्रतिष्ठा" महोत्सव में केन्द्रीय मंत्री व अनेक मुख्यमंत्रियों सहित भारी तादाद में भाजपा नेता मौजूद थे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि, इस बार के चुनावों में भाजपा की हिन्दुत्व की अपील उस स्तर पर प्रतिध्वनित नहीं होगी जिस स्तर पर पहले हुई थी। पर भाजपा नेताओं को भरोसा है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में आप के तीन प्रत्याशियों ने नामांकन भरा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन प्रत्याशियों ने 25 मई को दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को रोड शो के जरिए नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे।

- **नामांकन भरते समय आप ने अपनी ताकत दिखाने के लिए रोड शो किया, जिसमें कांग्रेस ने भी शिरकत की।**

इस मौके पर रोड शो किया गया इसमें समर्थन प्रदर्शित करने के लिए कांग्रेस व आप दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता शामिल हुए, यह एक तरह से इंडिया अलायंस का विशाल प्रदर्शन था। दिल्ली में सोमवार तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकेगा।

सोमनाथ भारती (49 वर्ष) ने उनका नामांकन पत्र नई दिल्ली

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस कर्नाटक के सीरियल रेप प्रकरण को पूरी तरह दुह रही है चुनाव में

## राहुल गांधी ने कर्नाटक के मु.मंत्री को पत्र लिखा कि, सीरियल रेपिस्ट प्रज्वल रैवन्ना को कठोरतम दण्ड मिलना चाहिए

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। कर्नाटक की शेष 14 लोकसभा सीटों के लिए 7 मई को होने जा रहे मतदान के द्वितीय एवं अंतिम चरण से पूर्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रज्वल रेवन्ना रेप काण्ड का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया को निर्देश दिए कि पीड़िताओं को आसन्न खतरे की खबरों के मद्देनज़र उनको तुरन्त प्रभाव से हर संभव सहायता दी जाए। मीडिया में पहले ये खबरें आ चुकी हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराने वाली महिला गायब है। आशंका है कि उसका अपहरण कर लिया गया है।

राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया कि वह इस घृणित अपराध के जिम्मेदार सभी लोगों का न्याय के कटघरे में खड़ा होना सुनिश्चित करे। केन्द्र की भाजपा सरकार के राज में महिलाओं के विरूद्ध हो रहे कथित अत्याचार के मुद्दे पर अपने प्रहार का दायरा विस्तृत करते हुए राहुल ने कहा कि हरियाणा की महिला पहलवानों से लेकर मणिपुर की बहनें तक इसका खामियाजा भुगत रही हैं। राहुल ने इस पर दुःख प्रकट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस तरह के अपराधियों का समर्थन किया।

राहुल गांधी ने अपने पत्र में कहा कि "राजनीति के मेरे दो दशकों के करियर में मैंने ऐसा एक भी सीनियर जन प्रतिनिधि नहीं देखा जिसने महिलाओं पर हो रहे अनकहे अत्याचारों पर निरंतर चुप्पी साधे रखना बेहतर समझा हो।

- **राहुल गांधी ने पत्र में यह भी लिखा कि, चाहे भारतीय महिला कुश्ती टीम के सदस्यों के यौन शोषण का मामला हो या मणिपुर में हमारी बहिनों पर हुए बलात्कार व उनके अत्याचारों का प्रकरण हो और अब कर्नाटक में भाजपा के चुनावी गठबंधन के एक साथी व लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार प्रज्वल रैवन्ना द्वारा सैकड़ों महिलाओं का कई सालों तक यौन शोषण व बलात्कार का प्रकरण है, प्र.मंत्री मोदी की चुप्पी बहुत शर्मनाक बात है।**

राहुल के पत्र में कहा गया है कि सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी जे.डी. (एस.) के प्रत्याशी एवं हासन सांसद "प्रज्वल रेवन्ना ने कई सालों तक कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उसकी फिल्म भी बनायी। हमारी मां-बहनों के साथ कुकृत्य करने की कठोरतम सजा मिलनी चाहिए।"

"मुझे यह जानकर बड़ी हैरानी हुई है कि जी. देवराजे गौड़ा ने दिसम्बर 2023 में हमारे गृह मंत्री अमित शाह को प्रज्वल रेवन्ना की हरकतों के बारे में सूचित कर दिया था, खासतौर से यौन हिंसा के उनके इतिहास और उनके द्वारा फिल्माए गए सभी वीडियो के बारे में।"

भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल के पिता एच.डी. रेवन्ना के खिलाफ वर्ष 2023 में होलीनारासिपुरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी।

राहुल ने कहा कि "अधिक हैरानी की बात तो यह है कि इतने वीभत्स आरोप लगने के बावजूद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री ने इस सीरियल रेपिस्ट के लिए चुनाव प्रचार किया। राहुल ने एक और अधिक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने जानबूझकर प्रज्वल को भारत से भागने दिया ताकि इस मामले की कोई अर्थपूर्ण जाँच ना की जा सके।"

मुख्यमंत्री को राहुल गांधी का पत्र शुक्रवार को मिला। यह वो दिन था जब हासन जिला पंचायत के एक पूर्व सदस्य ने प्रज्वल के खिलाफ दूसरी एफ.आई.आर. दर्ज करवायी थी। इस केस से देश स्तब्ध रह गया है और यह दूरस्थ पश्चिम बंगाल के वोटर्स को भी आंदोलित कर रहा है, जहाँ संदेशखाली में भाजपा ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को एक बड़ा मुद्दा बनाया था। प्रज्वल के पिता एच.डी. रेवन्ना के खिलाफ भी अपहरण का केस दर्ज किया गया है। एफ.आई.आर. के अनुसार प्राइवेट वीडियो में जिस कथित महिला का फिल्मांकन किया गया था, बताया जाता है कि विधायक के साथियों ने उसका अपहरण कर लिया है।

इस केस की गुत्थी सुलझाने के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा गठित स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) ने एच.डी. रेवन्ना के घर का मौका-मुआयना किया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अरविन्दर सिंह लवली की भाजपा में वापसी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 मई। अरविन्दर सिंह लवली (55) दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद शनिवार को भाजपा में लौट आए। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति में कांग्रेस के चार पूर्व नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल हुए।

- **कांग्रेस छोड़ने के कुछ दिन बाद ही अरविन्दर सिंह लवली ने चार अन्य पूर्व कांग्रेसी नेताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।**

लवली वर्ष 2017-18 में भाजपा में थे, लेकिन इससे पहले वह वर्ष 1998 से 2017 तक और फिर 2018 से 2024 तक कांग्रेस में रहे।

अरविन्दर लवली ने कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन की सहयोगी आम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.आई.डी. स्पेशल ब्रांच टीम को बंधक बनाकर मारपीट की

## संदिग्ध आरोपी को पकड़ने सादा कपड़ों में पहुंची टीम को ग्रामीणों ने घेरकर हमला किया

**भुसावर,** (निसं)। भरतपुर जिले के भुसावर में शनिवार को सी.आई.डी. स्पेशल ब्रांच की टीम के साथ बंधक बनाकर मारपीट की गई। संदिग्ध आरोपी को पकड़ने सादा कपड़ों में पहुंची टीम की गाड़ी को आरोपी के परिजन और ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेर लिया फिर लाठी सरियों से हमला कर दिया।

ग्रामीणों ने गाड़ी को आग लगाने का प्रयास किया। हालात देखकर गाड़ी भगाने का प्रयास किया तो लोग सामने खड़े हो गए। टीम पर ताबड़तोड़ वार किया काफी देर तक मिन्नतें करने के बाद मामला शांत हुआ। टीम में शामिल 4 सदस्यों में से एक का सर फूट गया वहीं एक घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर भुसावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीआईडी की टीम को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़वाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के घर से एक महिला को हिरासत में लिया है।


भुसावर पुलिस ने सीआईडी टीम को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़वाया।

- ग्रामीणों ने गाड़ी को आग लगाने का प्रयास किया
- टीम में शामिल 4 सदस्यों में से एक का सिर फूट गया वहीं एक घायल हो गया

थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले में टीम के पुलिस निरीक्षक रूपनारायण मीणा ने थाना भुसावर पर दर्ज करवायी रिपोर्ट में बताया है कि सीआईडी स्पेशल ब्रांच जॉन भरतपुर टीम उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गॉव पथैना में संदिग्ध संजय सिंह उर्फ संजू की तस्दीक करने पहुंची। जहां मुखबिर के जरिये संदिग्ध की पहचान कर संदिग्ध के पास पहुंचकर टीम द्वारा स्वयं की पहचान बतायी गई और जांच में पूर्ण सहयोग किये जाने को लेकर हिदायत दी। जिस पर गांव पथैना के प्रदीप, चन्द्रशेखर, रामश्री व अनीषा, मनीषा पत्नी चन्द्रशेखर, चिकू, सतवीर सहित 8 से 10 लोगों ने आकर लाठी डण्डों के दम पर घेरते हुए मारपीट शुरू कर दी। जहां प्रदीप ने लोहे के सरिये से गाडी के चालक राधे को जान से मारने की नीयत से सिर पर वार कर घायल कर दिया।

वहीं एक टीम सदस्य कांस्टेबल केहरी सिंह की शर्ट फाड दी। टीम की आबाज सुनकर गॉव के अन्य लोग मौके पर पहुँचे और बचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गये। वहीं सूचना मिलते ही सीओ धर्मेन्द्र शर्मा एवं थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता मय जाप्ता मौके पर पहुँचे और घायलों को हॉस्पीटल लाकर मेडीकल करवाया।

# जनजाति मंत्री खराड़ी को जान से मारने की धमकी देने पर संगठनों ने जताया आक्रोश

**उदयपुर,** (कासं)। जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी को सोशल मीडिया पर अज्ञात बदमाशों की और जान से मारने की धमकी देने पर विभिन्न संगठनों ने आक्रोश व्यक्त किया है तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है। घटना के विरोध में शनिवार को कोटड़ा और झाडोल के बाजार भी बंद रहे।

- घटना के विरोध में शनिवार को कोटड़ा और झाडोल के बाजार बंद रहे

राजस्थान सरकार के जनजाति मंत्री बाबुलाल खराड़ी को सोशल मीडिया पर अज्ञात बदमाशों की और जान से मारने की धमकी दी गई है।यह दूसरी बार हुआ है और यह इसलिये भी अत्यधिक चिंताजनक है क्योंकि यह धमकी इस आदिवासी अंचल में धर्मांतरण से जुडे व आदिवासी संस्कृति को सुनियोजित तरीके से समाप्त करने का प्रयास कर रहे कुछ अराष्ट्रीय व अराजक तत्वों की ओर से दी गई है।

ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को प्रेषित ज्ञापन में लिखा कि झाडोल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाबूलाल खराडी उदयपुर जिले के दुर्गम आदिवासी क्षेत्र कोटड़ा से है। यहां से पहली बार किसी आदिवासी विधायक को राजस्थान सरकार में जनजाति विकास विभाग का मंत्री बनाने का गौरव प्राप्त हुआ है। मंत्री बनने के बाद से खराडी की ओर से आदिवासी समाज को धर्मांतरण कराने में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुखर अभियान चलाया जा रहा है। इससे बौखला कर कुछ समाज कंटकों ने मंत्री बाबुलाल खराडी को आदिवासी समाज को हिन्दु समाज से जोड़े रखने सम्बन्धी मुद्दे से हटने की धमकी देने का कुकृत्य किया गया है। और ऐसा न करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है।

ग्रामीण विधायक ने मुख्यमंत्री से आठाह किया कि इस तरह के अपराध में लिप्त सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।भाजपा मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अठावाल ने बताया कि ग्रामीण विधायक की फूल सिंह मीणा ने इसकी प्रति पुलिस महानिरीक्षक को भी प्रेषित की है। भाजपा उदयपुर ने भी खराड़ी को धमकी देने की की निंदा की है।कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार धमकियां देने पर भारतीय जनता पार्टी उदयपुर ने भी चिंता व्यक्त की है उन्होंने भी राज्य सरकार से मांग की है कि बाबूलाल खराड़ी की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएं।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान,भाजपा जिला प्रभारी, बंशीलाल खटीक, लोकसभा संयोजक एवम सहकारिता के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, किरण जैन,गजपाल सिंह राठौड़, मनोज मेघवाल देहात जिला महामंत्री दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश भट्ट, युधिष्ठिर कुमावत, आदि ने कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को धमकी देने की निंदा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर कठोर दंड देने की मांग की है।

## 'देश का युवा बुद्धिमत्ता का लोहा मनवा रहा'

**जयपुर,** (कासं)। विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने हैदराबाद के मलकजगिरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ईटाला राजेन्दर के समर्थन में मलकजगिरी के उप्पल में युवा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत के युवाओं ने अपनी ताकत व सामर्थ्य से देश की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदली हैं। आज देश का युवा विश्व में अपनी बुद्धिमत्ता का लोहा मनवा रहा है। साथ ही आगामी दिनों में विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलकजगिरी लोकसभा क्षेत्र में होने वाले विशाल रोड शो एवं जनसभा की तैयारियों को लेकर नामपल्ली में स्थित भाजपा तेलंगाना प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया।

- राजेन्द्र राठौड़ ने युवा सम्मेलन को सम्बोधित किया

राठौड़ ने कहा कि भारत की 60 प्रतिशत जनसंख्या युवा है, जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है। युवाओं को वोट की ताकत को समझना होगा क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ देशसेवा में समर्पित होकर ही विकसित भारत2047 के राष्ट्र कल्याण के लक्ष्य को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसी आशा के साथ मोदी निरंतर देश को प्रगति पथ की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

# कुएं में पैंथर का 7 दिन पुराना शव तैरता मिला

**बौंली/बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के झनूण ग्राम पंचायत के थडी गांव के मंदिर के पास कुएं में पैंथर का 7 दिन पुराना शव तैरता मिला, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बौंली वन विभाग के रेंज कार्यालय में दी। सूचना पाकर वनपाल भूपेंद्र सिंह जादौन मय वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों की सहायता से पैंथर के शव को कुएं से बाहर निकाल कर सवाई माधोपुर सामान्य पशु चिकित्सालय में ले जाकर मेडिकल बोर्ड की गठित टीम से पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बौंली वनपाल उपेंद्र सिंह जादौन ने बताया की थडी गांव के मंदिर के पास एक कुएं में पैंथर के शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे एवं पैंथर के शव को बाहर निकला गया। शव 7 दिन पुराना था जिससे उसके चोट व अन्य निशान नहीं दिखाई दे रहे थे। पैंथर की मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए सवाई माधोपुर के सामान्य पशु चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड की गठित टीम में शामिल डॉक्टर सीपी मीना, डॉक्टर अंजली गंगवाल व डॉक्टर राजेश रोशन व सहायक फरहान खान एवं जीतू सिंह द्वारा राजस्व विभाग के गिरदावर मुकेश कुमार मीणा, सहायक उप निरीक्षक रामसहाय, पथिक लोक सेवा समिति के आवेश कुमार, सहायक वनपाल ताराचंद यादव, भरत लाल मीणा, वृक्ष पालक बाबूलाल नाई की उपस्थिति में पोस्टमार्टम के बाद पैंथर के शव का ससम्मान दाह संस्कार कर दिया गया। फॉरेस्टर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि संभवतया पैंथर या तो शिकार के लिए छलांग लगाते समय गिर गया जिससे उसके सिर में चोट लगने से मौत हो गई या फिर किसी ने उसे मार कर डाला है। अगर पैंथर कुएं में गिरते वक्त जिंदा होता तो तीन-चार दिन तो वह आराम से तैर सकता था। इतनी क्षमता उसमें रहती है वास्तविक कारणो का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो सकेगा।


वन विभाग की टीम ने पैंथर के शव को कुएं से बाहर निकाला।

# आपसी रंजिश में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण


हत्या के बाद परिजन शव को लेकर धरने पर बैठ गए।

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। क्षेत्र के गांव रानौली में आपसी रंजिश के चलते रात्रि को दो बदमाशों ने हिस्ट्री सीटर उस्मान उर्फ अंशु फकीर की गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीकांड की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हत्या के बाद परिजन शव को लेकर गांव की अथाई पर धरने पर बैठ गए पुलिस अधिकारियों की 5 घंटे की समझाईश के बाद 2 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर भी मृतक युवक को सुपुर्द-ए-खाक नहीं किया गया।

उस्मान उर्फ अंशु ( 28) रात्रि को अपने पड़ोसी के घर गेट के पास ही खुले आसमान के नीचे सो रहा था तभी दो बदमाशों ने रात्रि लगभग 2:30 बजे सोते हुए युवक पर देसी कट्टे से फायर कर दिया। गोली सीने में लगी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जागकर घटनास्थल पर पहुंचे इससे पहले दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। तत्पश्चात परिजन घायल को करौली जिला चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने अंशु को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बालघाट पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। उसके पश्चात आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गांव के पंच पटेल एवं परिजन गांव की अथाई पर धरने पर बैठ गए। तत्पश्चात टोडाभीम डीएसपी मुरारी लाल मीना, बालघाट थानाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मय जाब्ते के मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से समझाईश कर दो दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया परंतु परिजन अंतिम संस्कार करने को राजी नहीं हुए।

- दो दिन में गिरफ्तारी के आश्वासन पर भी नहीं माने ग्रामीण

वहीं पुलिस ने हत्याकांड से संबंधित सीसीटीवी फुटेज खंगाले, सीसीटीवी फुटेज में दो बदमाश युवक पर देसी कट्टे से फायर करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने इस संबंध में मृतक युवक के पिता मंगती फकीर से आरोपियों की शिनाख्त करवाई। दोनों आरोपियों की पहचान हो गई। मृतक युवक के पिता मंगती फकीर ने हत्याकांड के संदर्भ में गांव के ही मुरारी पुत्र बाबू मीना एवं हरिओम पुत्र नथुआ मीना के खिलाफ नामजद प्राथमिकी देकर आपसी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी पर टोडाभीम डीएसपी मुरारी लाल मीना ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है जो विभिन्न संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## इनामी बदमाश गिरफ्तार

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले की नादनपुर थाना पुलिस ने डीएसटी टीम, क्यूआरटी टीम एवं साइबर सेल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 55 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो 2 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने जिसे खुरदिया के जंगल से गिरफ्तार किया है। जिस पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर की ओर से 25 हजार रुपए और पुलिस महानिरीक्षक चंबल जॉन मध्य प्रदेश की ओर से 30 हजार रुपये का इनाम घोषित है। नादनपुर थाना प्रभारी राजेंद्र गिरी ने बताया कि 55 हजार रुपये के इनामी बदमाश 45 वर्षीय वीरू उर्फ वीरेंद्र उर्फ वीर सिंह पुत्र रामचरण नाई निवासी निजामपुर थाना सदर बाड़ी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया की हेड कांस्टेबल दीनदयाल और चालक वासुदेव एवं डीएसटी टीम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बदमाश वीरू को खुरदिया के जंगल से गिरफ्तार किया है।

# कर्मचारी की पदोन्नति में सरकार जानबूझ कर बाधा उत्पन्न नहीं करें : राजस्थान हाईकोर्ट

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरुण मोंगा ने अपने निर्णय में यह प्रतिपादित किया है कि सरकार का यह दायित्व है कि वह कर्मचारी की पदोन्नति में जानबूझकर बाधा उत्पन्न नहीं करें। उन्होंने दो रिट याचिका मंजूर करते हुए राज्य सरकार और राजस्थान चिकित्सा शिक्षा समिति को निर्देश दिए कि भूतलक्षी प्रभाव से पद्दोनति रिक्तियां घोषित कर याची डॉक्टरों को पूर्व तिथि से पद्दोन्नित,वरिष्ठता और सैद्धांतिक वेतनमान लाभ प्रदान करें।

डॉ. रीना जैन, डॉ. अभिनव पुरोहित और अन्य तीन डॉक्टर ने डिमॉन्स्ट्रेटर से सहायक प्रोफेसर तथा डॉ.गौरव कटारिया और अन्य छह सहायक प्रोफेसर ने सह प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की रिक्तियां घोषित नहीं किए जाने को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की थी। उनकी ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी, समीर श्रीमाली और दिनेश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2017 में चिकित्सा समिति का गठन करते हुए राज्य में आठ जगह जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित किया और नियमों में 50 फीसदी पद पद्दोनति से भरे जाने का प्रावधान होने के बावजूद लगातार आठ बार विज्ञापन जारी कर सीधी भर्ती से ही पद यह कहते हुए भरे जा रहे है कि इन पदों पर पद्दोन्नित के वास्ते कोई पात्र ही नहीं है।

प्रार्थी की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता भंडारी और श्रीमाली ने कहा कि भर्ती नियम के खंड 24 के तहत एक साल की सेवा के बाद डिमॉन्स्ट्रेटर पद्दोन्नित के वास्ते पात्रता रखते है,लेकिन प्रतिपक्ष यह कहकर पद्दोन्नित की रिक्तियां घोषित नहीं कर रहा है कि खंड 25 के तहत चार साल की सेवा पूर्ण नहीं होने से वे एश्योर्ड करियर प्रमोशन ( ए सी पी ) के तहत पद्दोनति के पात्र नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतरिम प्रार्थना पत्र के आदेश 7 सितम्बर 2021 में एकल पीठ के अन्य न्यायाधीश ने इन्हें पद्दोनत्ति का पात्र नहीं मान कर सही नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जब वे ए सी पी की ही पात्रता नहीं रखते है तो उन्हें खंड 24 के तहत पात्र होने से पद्दोनति से वंचित नहीं किया जा सकता है और पदोन्नित रिक्तियां घोषित नहीं कर उनके साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है।

न्यायाधीश अरुण मोंगा ने दोनों रिट याचिका मंजूर करते हुए कहा विभाग ने चार साल की सेवा नहीं होने से जब उन्हें ए सी पी के तहत पद्दोन्नत किए जाने का पात्र ही नहीं माना है तो खंड 25 उनके लागू ही नहीं होता है और विभाग ने एक तरफा रास्ता अख्तियार कर उन्हें खंड 24 से भी बाहर कर अनुचित किया है। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर्स की सेवा तीन साल से अधिक पूर्ण हो चुकी है सो वे खंड 24 के तहत पद्दोनति के पात्र हैं। उन्होंने राज्य चिकित्सा शिक्षा समिति को निर्देश दिए कि रिट याचिका दायर करने के वर्ष 2021 से ही पद्दोनति रिक्तियां घोषित कर भूतलक्षि प्रभाव से जिस दिन से सीधी भर्तियां की गई है,उसी दिन से पद्दोनति के लाभ,सीधी भर्ती से नियुक्त डॉक्टर से ऊपर की वरीयता और वरिष्ठता और सैद्धांतिक वेतनमान लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि आठ बार की रिक्तियों में एक भी पद्दोनति की वेकेंसी घोषित नहीं की गई।

# विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान में करें : राज्यपाल मिश्र

## फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित

**जयपुर/जोधपुर,** (कासं)। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए करे। उन्होंने फुटवियर डिजायन के क्षेत्र में नवाचार अपनाते हुए इस क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात से अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण का आव्हान किया। राज्यपाल मिश्र ने शनिवार को जोधपुर में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि उद्यिमता विकास जरूरी है। नई पीढ़ी नौकरी करने की सोच की बजाय रोजागर प्रदाता बने। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में पाठ्यक्रम अपडेट किए जाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि एफ.डी.डी.आई जोधपुर फैशन एवं फुटवियर तकनीक से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संस्थान है। संस्थान का मुख्य ध्येय शिक्षा के साथ हस्तशिल्प कौशल को बढ़ावा देना है। विश्वभर में आज फुटवियर एवं फैशन उद्योग जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसे दृष्टिगत रखते हुए यह संस्थान भविष्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में फुटवियर एवं फैशन उद्योग से जुड़े विश्व के उत्कृष्ट एवं निपुण डिज़ाइनर तैयार हों। तथा प्रयास करे कि डिजाइनिंग के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट संस्थान बने। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि वैश्विक बाजार मांग के अनुरूप भारत इस क्षेत्र में अठाणी बने यह हम सबका प्रयास हो। उन्होंने कहा कि संस्थान एथलेटिक और गैर एथलेटिक फुटवियर की श्रेणीवार बाजार मांग का अध्ययन कर फुटवियर उत्पादों के विकास के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी शिक्षा का प्रबंधन करे, जिससे विद्यार्थी वैश्विक बाजार मांग के दृष्टिगत अपने आपको तैयार कर सकें।



जोधपुर में राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

- समारोह में कुल 153 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की

इससे पहले राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने वर्ष 2022 एवं 2023 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन और फैशन डिजाइन में ओवरऑल टॉपर को तीन स्वर्ण पदक एवं कोर्स टॉपर को पांच रजत पदक प्रदान किए गए। समारोह में कुल 153 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित गई। इनमें बैच 2022 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन के 16 विद्यार्थी एफडीडीआई गुना कैंपस के भी शामिल हैं। समारोह में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार, इंस्टीट्यूट का स्टाफ, विद्यार्थी, अभिभावक सहित आमजन उपस्थित रहे।

# माही नहर में डूबने से दो बालिकाओं की मौत

## एक को बचाने के चक्कर में दूसरी भी डूबी


नहर में बालिकाओं की डूबने से मौत के बाद मौके पर एकत्रित भीड़ व पुलिस ने शवों को बाहर निकाला।

**डूंगरपुर,** (निसं)। साबला थाना क्षेत्र में चल रही माही नहर में डूबने से दो बालिकाओं की मौत हो गई एक का पैर फिसलने से डूबने लगी वही दूसरी बालिका बचाने के चक्कर में दोनों डूब गई। भोडन का वेला निवासी सपना उम्र 24, पुत्री नाथू एवं लक्ष्मी पुत्री मालिया जो बकरिया चराने गई थी वही करीब दोपहर 1 बजे पास में गुजर रही माही केनाल में नहाने उतरी। तब लक्ष्मी का पैर फिसल गया। तब सपना भी उसे बचाने के लिए पानी में कूद गई।

सपना को तैरना आता था पर नहर में काई, झाड़ियां होने से फंस गई। जिससे सपना लक्ष्मी को बचा नही सकी और खुद भी पानी में डूब गई। तब पास ही बकरी चरा रहे बच्चो ने चिल्लाई तब दौड़कर ग्रामीण आए और दोनो को बाहर निकाला और मुंगेड पीएचसी ले गए जहा दोनो को मृत घोषित कर दिया। बाद दोनों को आसपुर सीएचसी मोर्चरी में रखवाया जहा पीएम के बाद शव परिजनों को दे दिया। सपना बीए करने के बाद बीएड भी कर रखी थी।

# मूठली में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के कार्यों का निरीक्षण



अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कार्यों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत समय में हुए परिवर्तन के बाद आज सुबह-सुबह ०6 बजे सिवाना पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मूठली पहुंचे। जहां महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत चल रहे भूमि समतलीकरण एवं वृक्षारोपण कार्य, खेल मैदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूठली कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय श्रमिकों की संख्या कम पाई गई तथा मेट भी उपस्थित नहीं मिला विकास अधिकारी एवं सहायक और अभियंता को निर्देशित किया गया की श्रमिकों में समय की पाबंदी को सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रात: काल गर्मी ब?ने से पहले पहले श्रमिक दिए गए अपने टास्क को पूरा कर ले साथ ही पांच-पांच श्रमिकों का नियोजन समूह बनाकर किया जावे। पंचायत समिति समदड़ी के मजल में महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्य ग्रेवल सड़क मजल से कम्मो का बाडा सरहद तक को देखा यहां एनएमएमएस से उपस्थित ली जा रही थी।

टास्क के अनुसार कार्य हेतु निर्देशित किया। विकास अधिकारी पंचायत समिति सिवाना और समदड़ी तथा सहायक अभियंता सिवान और समदड़ी को यह निर्देशित किया गया कि समय की पाबंदी तथा टास्क के अनुसार कार्य श्रमिकों द्वारा पूर्ण किया जाए ग्राप के अनुसार ही कार्यों का आवंटन किया जाए मेट प्रतिदिन मस्टरोल को समय पर पूर्ण करें गर्मी और लू को देखते हुए पानी और छाया की पर्याप्त व्यवस्था हो तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत दिए गए समस्त निर्देशों की अक्षरश: पालन सुनिश्चित हो इस दौरान मांगीलाल नायल, विकास अधिकारी समदड़ी, बीर सिंह, विकास अधिकारी सिवाना एवं सहायक अभियन्ता सुशील विश्नोई, सहायक अभियन्ता, सिवाना, मूङ्गली ग्राम सेवक गणपत सिंह राजपुरोहित, कनिष्ठ सहायक चन्द्राराम, मेट गुलाब कुमारी, तेजाराम मेट, मौजूद रहे।

## चयन स्पर्धा 11 मई से जयपुर में

**बालोतरा**, (निसं)। राजस्थान सरकार के युवा मामले एवं खेल विभाग एवं राजस्थान राज्य ीडा परिषद जयपुर द्वारा राज्य में संचालित खेल अकादमियों के लिए चयन स्पर्धा वर्ष 2024-25 की सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में 11 मई 2024 से प्रारंभ होकर 17 मई तक चलेगी।

जिला खेल अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के इच्छुक बालक बालिका खिलाडी अपना आवेदन पत्र जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र इंदिरा इनडोर स्टेडियम से एवं राजस्थान राज्य ीडा परिषद की वेबसाइट 222.ह्यह्यष्.द्बठ्ठ से डाउनलोड कर सकते हैं। खिलाडी आवेदन पत्र भरकर सीधे सचिव राजस्थान राज्य ीडा परिषद सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर को भिजवा सकते हैं एवं चयन स्पर्धा के समय भी खिलाडी अपना आवेदन भरकर दे सकते हैं। आवेदक बालिका खिलाडी की आयु 1 जुलाई 2024 को न्यूनतम 13 वर्ष तथा बालक खिलाडी की आयु न्यूनतम 14 वर्ष व अधिकतम 18 वर्ष व बास्केटबॉल में सीनियर बालक में न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 20 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है। राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमी में विद्यमान प्रशिक्षणार्थी खिलाडयिों के लिए अधिकतम आयु सीमा परिणाम के आधार पर 20 वर्ष होगी।

# आबूरोड की शोभा सेठी ने देह दान का संकल्प लिया



पाली में शोभा सेठी धर्मपत्नी विजय सिंह सेठी ने देह दान करने का संकल्प लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान, पाली चेप्टर द्वारा नेत्रदान के साथ ही चलाये जा रहे मरणोपरान्त देहदान संकल्प अभियान से प्रभावित होकर आज एक और महिला शोभा सेठी ने अपने मरणोपरान्त मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों की शिक्षा एवं शोधकार्य हेतु अपनी पार्थिव देह का दान करने का संकल्प लेकर अपने जीवन को जीते जी धन्य कर दिया।

संकल्पकर्ता सेठी परिवार की रीको कॉलोनी आबूरोड निवासी शोभा सेठी धर्मपत्नी विजय सिंह सेठी सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने हेतु पाली शहर में अपने रिश्तेदारों के यहां आई हुई थी। सेठी को जब पाली में चल रहे मरणोपरांत देहदान संकल्प कार्यक्रम के बारे में पता चला तो उन्होंने तुरंत ही अपने रिश्तेदार वीरेंद्र नाहटा को अपने मरणोपरांत अपनी पार्थिव देह मेडिकल कॉलेज को दान करने की इच्छा जताई। वीरेंद्र ने संकल्प कर्ता का फॉर्म भरवा कर आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान, पाली चैप्टर के अध्यक्ष हुक्मीचन्द मेहता को सुपुर्द किया। आई बैंक सचिव केवल चंद कवाड़, गोतम रांका, अशोक भंडारी, विनोद बोकडिया एवं गोतम चौपडा ने देहदान संकल्प कर्ता का गुलदस्ता एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनन्दन किया।

संकल्पकर्ता शोभा सेठी ने बताया कि मरने के बाद शरीर जलकर राख हो जायेगा तो क्यों नहीं मरणोपरान्त पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज में दान कर दिया जावे ताकि इस नश्वर कही जाने वाली देह से पाली की मेडिकल कॉलेज से ऐसे सुयोग्य डॉक्टर तैयार हो जो अपने कार्य की निपुणता से राजस्थान का नाम पूरे चिकित्सा जगत में रोशन कर सके। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सांड, पुष्पा सांड, कुसुम नाहटा एवं रिश्तेदार भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को वाहन चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने गोविन्द (22) पुत्र कुयाराम जाति भील निवासी मणादर पुलिस थाना कैलाश नगर जिला सिरोही को जावाल से दस्तयाब कर गहनता से पुछताछ की गई तो 06 अक्टूबर 2023 की मध्य रात्री में बाबुलाल पुत्र रणछोडाराम जाति माली निवासी भीनमाल बाईपास के मकान के आगे मोटरसाइकिल चोरी के सम्बध में प्रकरण मे चोरी की गई मोटरसाईकिल अभियुक्त के कब्जे से बरामद की जाकर अभियुक्त से अन्य चोरी के प्रकरणों में अग्रीम अनुसंधान व पुछताछ जारी है। कोतवाली पुलिस नेद अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते हुए ट्रेक्टर मय ट्रोली जब्त की है। दौराने गश्त महेशपुरा रोड पर एक ट्रेक्टर मय ट्रोली बजरी से भरी हुई आती दिखाई गई, जिसका चालक पुलिस जाब्ता को देखकर वहां पर अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर मय ट्रोली को छोडकर भाग गया। जिस पर अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर ट्रोली को जब्त कर अनुसंधान जारी है।

### विद्यासागर स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

**बाप**, (निसं)। बाप कस्बा स्थित विद्या सागर विद्यालय का वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर में रविवार को आयोजित होगा। संस्था प्रधान राजेश पालीवाल ने बताया की कार्यक्रम में रंगारंग व मनमोहक सांस्कृतिक कार्य म की प्रस्तुति दी जाएगी। सत्र पर्यंत शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों मे श्रेष्ठ रहे विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जायेंगा। साथ ही स्कूल के शिक्षकों का भी विद्यालय के विविध गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के अष्टमी कक्षा के बच्चों का विदाई आशीर्वाद समारोह भी होगा। विद्यालय की ओर से प्रतीकात्मक पुरस्कार देकर सभी बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा। व्यवस्थापक कमलेश दैया ने बताया की तैयारी अंतिम चरण में है। और इस सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित कर सभी अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय की भावी योजनाओ व नवाचारों का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य थीम सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ना है।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**बालोतरा**, (निसं)। द एसोसीएसन ऑफ वी क्लब इंडिया वी क्लब बालोतरा जसोल की सचिव श्वेता सालेचा ने बताया कि पक्षियों को भी जीने के लिए खाना और पानी मिल नहीं पाता। इस पर वी क्लब ने उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए जगह जगह पीने और खाने हेतु परिंडे लगाए ताकि उन बेजुबान को भी उचित पोषण मिले और प्रकृति में चार चांद लगाने वाले ये अपना जीवन यापन कर सके। ये क्लब की ऐक्टिव मेम्बर खुशबू और नीलम द्वारा लगवाए गए । हमारे क्लब का एक ही उद्देश्य है हर घर खुशियां घर घर खुशियां। कार्य म में चार्टर्ड ऋतु जिंदल, अध्यक्ष राखी सुख नानी, उपाध्यक्ष शोभा कोठारी, सचिव श्वेता सालेचा, कोषाध्यक्ष भावना गोगर , प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेणु चौधरी, चेयरपर्सन खुशबु , अनीता, संतोष जिंदल, लता बोकडयिा, शिल्पा ढेलरिया, नीलम ढेलरिया, निकी, सरिता आदि सदस्यों ने बढ चढकर भाग लिया। सभी सदस्यों द्वारा डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट दुर्गेश माथुर के सपने चलो शिखर की और को पूरा करने में एक और सफल कद बढाया।

### शिक्षा संघ राष्ट्रीय की बैठक आज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की बैठक रविवार को संत पीपा क्षित्रय समाज बगीची, सुभाष चौक रातानाडा के सभागार में आयोजित होगी। जोधपुर ठाामीण के जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महानगर उपशाखा, ग्रामीण की समस्त उपशाखा के अध्यक्ष, मंत्री सहित जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। शहर के जिलाध्यक्ष आईदान राम चौधरी ने बताया कि शहर के कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में रामनारायण बिश्नोई एवं ठाामीण बैठक में अरुण व्यास प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में सामाजिक समरसता दिवस एवं नवनियुक्त शिक्षकों के सम्मान की समीक्षा, संकुल संरचना की समीक्षा , सदस्य अभियान पर चर्चा एवं कार्य योजना का निर्माण, आगामी प्रदेश महासमिति अधिवेशन की जानकारी आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर प्रवासी कार्यकर्ता के माध्यम से प्रदेश महामंत्री को वृत प्रेषित किए जाएंगे।

### डॉक्टर की मौत, जहर खाने की आशंका

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में रहने वाले एक डॉक्टर की आज सुबह संदिग्ध हालात में मौत हो गई। डॉक्टर के सल्फाश (जहर) खाने की आशंका जताई गई है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता लग पाएगा। परिजन की तरफ से आज दोपहर तक केस दर्ज नहीं करवाया गया। रिपोर्ट दिए जाने पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि डिफेंस लैब क्षेत्र में रहने वाले एक डॉक्टर की सुबह मृत्यु होने की जानकारी मिली। बाद में पुलिस वहां पहुंची। डॉक्टर को अस्पताल लाया गया मगर उसे मृत बता दिया गया। डॉक्टर के सल्फाश खाने की आशंका जताई गई है। फिलहाल मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लग पाएगा। परिजन की तरफ से दी जाने वाली रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

### आग लगाने व पत्थर चोरी का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के नांदड़ी स्थित ओम नगर में आपसी विवाद के चलते एक प्लॉट पर आग लगाने और पत्थर चुरा कर ले जाने की रिपोर्ट नामजद आरोपी के खिलाफ दी गई है। इस बारे में बनाड़ पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है। ओमनगर नांदड़ी निवासी मनोहरलाल पुत्र पेमाराम जाट ने पुलिस को बताया कि उसका एक प्लॉट इसी क्षेत्र में आया हुआ है। जहां पर चैनाराम जाट आदि आए और प्लॉट पर आग लगाने के साथ वहां से पत्थर आदि सामग्री चुराकर ले गए। पुलिस ने इनके बीच आपसी विवाद होना बताया है।

# इलेक्ट्रिशन ही भाजपा नेता के घर चोरी करने वाला निकला



पाली में पुलिस ने भाजपा नेता भंवर चौधरी के घर पर हुई चोरी के आरोपी को पकड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली** , (नि.सं.)। भाजपा नेता के घर से 46 तोला सोने के गहने चोरी करने वाला और कोई नहीं उनकी डेयरी व किसान केसरी गार्डन पर काम करने वाला इलेक्ट्रिशन भैंरूघाट निवासी रमेश प्रजापत निकला। जो पिछले करीब एक साल से उनके यहां काम करता था और डेयरी, किसान केसरी गार्डन और घर पर इलेक्ट्रिक संबंधित काम होने पर करने आता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने गहने चुराना स्वीकार किया। आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस चुराए गए गहने बरामद करेगी।

सीओ सिटी जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पाली के बापूनगर विस्तार में रहने वाले भाजपा नेता भंवर चौधरी ने रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 23 अप्रैल को सामाजिक कार्यक्रम में जाने के दौरान घर की महिलाओं ने गहने पहने थे। 1 मई को शिवपुरा सामाजिक कार्यक्रम में जाने के लिए उनकी पत्नी मोहनी देवी ने अलमारी खोली तो अलमारी में रखा गहने नहीं मिले और सोने चांदी के गहनों से भरा बॉक्स अलमारी में पड़ा था। उनके जेवरात चोरी होने की जानकारी मिलने पर घर के सभी सदस्य एकत्रित हो गए। बाद में उनके छोटे भाई नारायण चौधरी के कमरे में रखी अलमारी खंगाली तो उसमें से भी सोने के गहनों का बॉक्स गायब मिला। दोनों भाईयों का 46 तोला सोने के गहने गायब, रिपोर्ट में भंवर चौधरी ने बताया था कि उनके घर से 30 तोला और उनके छोटेभाई नारायण चौधरी के घर से 16 तोला सोने के गहने गायब हुए थे। पुलिस ने सीसी टी वी की मदद से आरोपी की तलाश कर आज आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# रेलवे ने 23 हजार बेटिकटों से एक करोड़ की राशि वसूली

- गंदगी फैलाने पर 1313 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की
- उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने अभियान चलाया

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने एक माह में बिना व अनियमित टिकट पर यात्रा के पकड़े गए 23 हजार मामलों से एक करोड़ रुपए से भी अधिक राजस्व वसूल करने में सफलता हासिल की है।

मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डीआरएम पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में जोधपुर मंडल के सभी रेल मार्गों पर चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के दौरान अप्रेल में बिना व अनियमित टिकट यात्रा के 22 हजार 854 मामलों से एक करोड़ 3 लाख 85 हजार 871 रुपए का उल्लेखनीय राजस्व वसूल किया गया है।

उन्होंने बताया कि अप्रेल में टिकट चेकिंग दलों ने विभिन्न ट्रेनों व स्टेशनों पर औचक जांच करते हुए 12 हजार 806 बिना टिकट व 8 हजार 633 अनियमित टिकट पर यात्रा करते पाए गए यात्रियों से 1 करोड़ 2 लाख 14 हजार 961 रुपए का राजस्व वसूल किया है जिसमें 46 लाख 26 हजार रुपए जुर्माना राशि शामिल है। उन्होंने बताया कि सघन टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा।

टिकट जांच के दौरान ट्रेन में गंदगी फैलाने के 1313 मामलों से 1 लाख 47 हजार 550 , निर्धारित छूट से अधिक सामान लेकर यात्रा करने के 19 मामलों से 6 हजार 60 तथा चलती ट्रेन में धूम्रपान करने के 83 मामलों से 17 हजार 300 रुपए का जुर्माना भी वसूल किया गया।

### इन रेल मार्गों पर चलाया गया टिकट जांच अभियान

जोधपुर-लूनी-बाड़मेर,समदड़ी-भीलड़ी, राइकाबाग- फलोदी-जैसलमेर, जोधपुर-मेड़ता रोड-डेगाना- रतनगढ़,मेड़ता-फुलेरा , मेड़ता- बीकानेर व जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के बीच ट्रेनों में औचक जांच की गई थी।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ मामले में 3 साल कठोर कारावास की सजा

- 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना अदा नहीं करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा का आदेश
- पॉक्सो कोर्ट के जस्टिस ने मामले में सुनवाई के बाद सजा के आदेश दिए
- 24 अक्टूबर को पीड़िता की नानी ने जोधपुर के थाने में रिपोर्ट दी थी

**जोधपुर**, (कासं)। नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट ने सख्ती अपनाते हुए आरोपी को 3 साल के कठोर कारावास की सजा दी साथ ही 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा का आदेश दिया है।

पॉक्सो कोर्ट के जस्टिस ने मामले में सुनवाई के बाद सजा के आदेश दिए। दरअसल, 2020 में पार्षदों के चुनाव के प्रचार के समय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ हुई थी। बच्ची के चिल्लाने पर उसके परिवार को पता चला और आरोपी की पिटाई की। बच्ची ने अपनी नानी को अपने साथ हुई छेड़छाड़ के बारे में बताया तब उसकी नानी ने थाने में मामला दर्ज करवाया।

विशिष्ट लोक अभियोजक पॉक्सो कोर्ट, शिव प्रकाश भाटी ने बताया कि न्यायाधीश डॉ. सूर्य प्रकाश पारीक, विशेष न्यायालय, पॉक्सो कोर्ट, जोधपुर महानगर ने आरोपी को नाबालिग बालिका के साथ की गई छेड़छाड़ के मामले में 03 वर्ष का कठोर कारावास और दो हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया गया।

24 अक्टूबर को पीड़िता की नानी ने पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर महानगर के एक पुलिस थाना में लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया था कि 24 अक्टूबर को रात्रि साढ़े सात बजे पार्षद चुनाव का प्रचार हो रहा था। भीड़ में उसकी 10 वर्ष की दोहिती के साथ बेड टच किया। उसकी दोहिती के चिल्लाने पर उसके भाई व मोहल्ले के लोग आ गए और बच्ची को छुड़ाया। ऐसी ही घटना आरोपी पहले भी बच्ची के साथ कर चुका है। तब पिटाई कर हिदायत दे कर छोड़ दिया था। थाने द्वारा मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। इसके बाद आरोपी को यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश किया गया।

अभियोजन पक्ष की ओर से शिवप्रकाश भाटी, विशिष्ट लोक अभियोजक ने न्यायालय में 16 मौखिक साक्ष्य व 17 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए और बहस कर बताया कि पीड़िता एक नाबालिग बालिका है जिसके साथ आरोपी द्वारा छेड़छाड़ का अपराध किया है जिसे कठोर सजा दी जाए।

न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास और दो-दो हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया गया। जुर्माना अदा नहीं करने पर 15 दिन का कठोर कारावास की सजा अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया।

## राज्यपाल को ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र को मारवाड़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव गौड़ ने जोधपुर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंप कर वर्ष 2013 और वर्ष 2023 में लॉटरी के माध्यम से आवंटित किए गए भूखंड दिलवाने का आग्रह करते हुए इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। साथ ही फर्जी तरीके से आवेदन करने वालों की जांच के लिए कमेटी बनाकर जांच के लिए भी अनुरोध किया है।

# सोजतसिटी में सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**पाली**, (नि.सं.)। मुस्लिम युवा खिदमत समिति सोजत द्वारा आम मुस्लिम समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन मात्र 1 रुपए में आज 5 मई 2024 रविवार करे नूर शाह बाबा व मस्ताना शाह बाबा दरगाह परिसर सोजतसिटी आयोजित होगा। जिसमें मात्र एक रुपए में 25 जोड़ों को निकाह मुस्लिम रिति-रिवाज से सम्पन्न होगा।

मीडिया प्रभारी युसूफ रजा खान ने जानकारी देते हुए बताया आम मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्पूर्ण राजस्थान व गुजरात के जोड़े शिरकत कर रहे है। उन्होंने बताया कि बारात इस्तकबाल सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। जिसमें सभी जोड़े बारात लेकर विवाह में स्थल पहुँचेंगे। उसके बाद मुस्लिम रीति रिवाज सुबह 10 बजे निकाह सम्पन्न करवाया जाएगा। इस दौरान जोड़ों के सलामती व देश में अमन, चैन भाईचारे की दुआएं मांगी जाएगी। सुबह 11 बजे दावते-ए-आम होगी। जिसमें बाराती खाना खाएंगे।

# वल्लभाचार्यजी की जयंती पर शोभायात्रा निकाली



पाली में भैंरू घाट बालमुकुंदजी की हवेली गोपालजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जगतगुरू वल्लभाचार्यजी की 547 वीं जयंती के अवसर पर भैंरू घाट बालमुकुंदजी की हवेली गोपालजी मंदिर से शाम 7 बजे बैंड बाजा के साथ बजे शोभायात्रा निकाली, जिसमें ब्राह्मण समाज के लोग सफेद कपड़े पहने हुए, गले में केसरिया दुपट्टा डाले व महिलाएं पीली साड़ियां पहनकर जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा में एक झांकी मैं वल्लभाचार्य की तस्वीर रखी थी, फूलों से सजे रथ को श्रद्धालु खींचकर चल रहे थे। शोभा यात्रा भेरूघाट से रवाना होकर सोमनाथ, पटवा बाजार सराफा बाजार, बादशाह का झंडा,रामबास, चेतना रेस्टोरेंट पानी दरवाजा होते हुए भैंरू घाट पहुंच समाप्त हुई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया।


**आम सूचना**

श्रीमती पवनी देवी धर्मपत्नि स्व. मोहनदास सन्त, निवासी - गोयली, जिला- सिरोही (राज.) का कब्जासुदा, पट्टासुदा, मालिकाना हक का एक भूखण्ड ग्राम गोयली में आया हुआ है, जिसका कुल क्षैत्रफल 1596 वर्गफीट हैं जिसका पट्टा ग्राम पंचायत गोयली द्वारा मोहनदास सन्त पुत्र भूबाजी, गोयली के पक्ष में पट्टा संख्या 24/20.11.1980 को जारी किया गया, पत्पश्चात मोहनदास सन्त का देहान्त दिनांक 21.09.2019 को हो गया। मोहनदास सन्त का देहान्त होने के पश्चात स्व. मोहनदास सन्त के सम्पूर्ण वारिसानो में से सज्जन सुन्दर, गोविन्ददास एवं सुनिता देवी पुत्र/पुत्री मोहनदास सन्त ने पवनी देवी धर्मपत्नि स्व. मोहनदास सन्त के पक्ष में अपने हक हिस्से का त्याग दिनांक 18.01.2024 को किया जाकर हकतर्कनामें का पंजीयन उप पंजीयक सिरोही में क्रय संख्या 202403085100372 पर पंजीबद्ध किया गया। इस प्रकार पवनी देवी उपरोक्त भुखण्ड की सार्वभौमिक मालकिन होने से ISFCL शाखा सिरोही द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। इसलिये उक्त आम सूचना के जरिये सुचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था या स्व. मोहनदास सन्त के किसी भी वारिसान को इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई उजर ऐतराज हो तो अध्योहस्ताक्षकर्ता को तीन दिन के भीतर सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज करावें। बाद म्याद गुजरने कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।
इति दिनांक 02.05.2024

अभिनव सुथार अधिवक्ता
मो. 9799152119



**आम सूचना**

श्री राधेश्याम एवं भीमदास पुत्र श्री रतन दास निवासी सिवाणा (राज.) का एक पुश्तैनी, कब्जासुदा, मालिकाना हक का भुखण्ड ग्राम सिवाणा की मुख्य आवादी मोकलसर-बालोतरा रोड, पोस्ट आफिस के सामने, जॉन संख्या 01 में आया हुआ हैं, जिसका कुल क्षैत्रफल 2689 वर्गफीट हैं तथा उक्त भूखण्ड को राधेश्याम व भीमदास ने दो अलग-अलग पट्टा संख्या 62 व 25 जो ग्राम सिवाणा द्वारा रतनदास पुत्र जीवाराम साद निवासी सिवाणा के पक्ष में जारी किये गये हैं के द्वारा प्राप्त किया है। रतनदास एवं जम्मू देवी का देहान्त हो चूका हैं तथा रतनदास अपने पिछे प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकार देवी, मंजु, उकी, सावित्री, आशी देवी पुत्रीगण रतनदास एवं राधेश्याम व भीमदास पुत्र रतनदास को छोड कर गये हैं जिसमें से सावित्री देवी एवं आशी देवी का देहान्त को चूका हैं एवं सावित्री देवी के विधिक वारिसान किशोर कुमार, भरत कुमार, अर्जून दास, प्रवीणा एवं पार्वती देवी तथा आशी देवी के वारिसान श्यामसुन्दर, मूरलीधर, राजेश कुमार एवं भरत कुमार ने उकी देवी पुत्री रतनदास के पक्ष में उपर वर्णित सम्पति मे निहित अपने-अपने हक हिस्से को तर्क करने के लिये एक आम मुख्तियारनामा दिनांक 20.02.2024 को निष्पादित किया जिसके आधार पर उकी देवी ने बहैसियत आम मुख्तियार दिनांक 22.02.2024 राधेश्याम एवं भीमदास के पक्ष में हकतर्कनामा निष्पादित कर उप पंयीजक कार्यालय सिवाणा में क्रम संख्या 202403096100382 पर पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त सम्पति पर ISFCL शाखा बालोतरा द्वारा राधेश्याम एवं भीमदास द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित हैं। इसलिये उक्त आम सूचना के जरिये सावित्री देवी व आशी देवी के वारिसान एवं हर आम व खास को सुचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को इस सम्बन्ध में किसी प्रकार को कोई उजर ऐतराज हो तो अध्योहस्ताक्षरकर्त्ता को तीन दिन के भीतर सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज करावें। बाद म्याद गुजरने कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगी। इति दिनांक 29.04.2024

अभिनव सुथार अधिवक्ता
मो. 9799152119

# जूना खेड़ापति हनुमान मंदिर में रक्तदान व चिकित्सा शिविर लगा

**जोधपुर**, (कासं)। सैन समाज के आराध्य सैनजी महाराज की 724 वीं जयंती समारोह का आगाज आज रक्तदान शिविर के साथ हुआ। इस बार 15 वां रक्तदान शिविर लगाया गया है।

श्री सैन रक्तदान समिति द्वारा जूना खेड़ापति हनुमान मंदिर में 15 वां रक्तादान व मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सेनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज, शंकरलाल महाराज, कमलेश पुरोहित व करणसिंह राठौड़ उपस्थित थे।

इस अवसर पर सैन समाज के अचलानंद गिरी महाराज ने रक्तदान की महत्ता प्रतिपादित करते हुए युवाओं को इस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लेने का आहवान किया।

समिति के अध्यक्ष राकेश सैन ने बताया कि सैन जंयती महोत्सव के अंतर्गत रक्तदान शिविर में समाज के युवाओं और मातृशक्ति ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

समिति के सचिव विशाल पंवार ने बताया कि शिविर में व्यास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, स्त्री, प्रसूती रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ व जनरल फिजिशियन के साथ ही व्यास डेंटल कॉलेज की दंत रोग जांच व अन्य प्रकार की जांच नि:शुल्क की गई।

शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को हेलमेट और अन्य उपहार देकर समिति द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री सैन समाज संस्था पुरबिया के अध्यक्ष एडवोकेट सुल्तान सैन, पार्षद धीरज चौहान, श्री सैन रक्तदान समिति के उपाध्यक्ष राहुल चौहान, कोषाध्यक्ष ताराप्रकाश सैन, देवेन्द्र सैन, सुनिल वर्मा, विनोद परिहार आदि मौजूद रहे।



जोधपुर में सैन समाज के आराध्य सैनजी महाराज के जयंती समारोह का आगाज रक्तदान शिविर से हुआ।

## प्रतिभाओं का सम्मान किया

**धोरीमना**, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना में प्रतिभाशाली विद्यरर्थियों व अभिभावकों का सम्मान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण दास माली ने बताया कि प्रांतीय प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा में प्रांत में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, पुरस्कार में बैग प्रदान कर एवं उनके अभिभावकों को श्रीफल देकर, शॉल ओढाकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति उपाध्यक्ष भीमराज सोनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति अध्यापक लाखाराम चौधरी सम्मानित छात्र आनंद मोहन भैरव के दादा ने बताया कि प्रतिभा हर बालक में होती है। यदि उसको सही दिशा उनके विद्यालय एवं परिवार से मिले तो उस बालक की प्रगति कोई भी नहीं रोक सकता। जया गोयल के सम्मानित होने वाले अभिभावक अध्यापक राजूराम गोयल ने बताया कि विद्यालय के गुरुजनों ने नियमित रूप से बालिका को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे उसका प्रांत में स्थान प्राप्त हुआ। सम्मानित छात्रा दीपिका के अभिभावक देवाराम चौधरी छात्र कृष्णा चौधरी की माता हेमलता ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद प्रदान किया। प्रांत में बाल एवं किशोर वर्ग परीक्षा में विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं ने वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया। परीक्षा प्रभारी जय किशन बिश्नोई ने प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा की रूपरेखा प्रस्तुत कर अतिथियों का परिचय एवं आभार व्यक्त किया।

# कर्मचारियों ने डिस्कॉम परिसर में श्रमदान किया


जालोर में डिस्कॉम परिसर के अंदर स्थापित 33 के.वी. सब स्टेशन पर श्रमदान हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। डिस्कॉम परिसर के अंदर स्थापित 33 केवी सब स्टेशन पर डिस्कॉम कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

जीएसएस यार्ड में बरसाती घास, कंटीली बबूल की झाड़ियों हटाई एवम कंकरीटी रेत को सामान्य कर पूरे परिसर में फैली गंदगी को हटाया तथा स्क्रैप मेटेरियल को पीएस राठौड अधीक्षण अभियंता स्वयं अपने हाथों से तगारी में भरवाया। एनएल सुथार अधिशाषी अभियन्ता एवं नगाराम चौधरी लेखाधिकारी ने परिसर में पडी बबूल की डालियों को हटाया, श्रमदान में महिला कर्मचारीयों ने जोश के साथ भाग लिया। इस दौरान शहजाद खा , दिलिप शर्मा एईएन, उत्तम चौधरी, जेईएन प्रीतम सोलंकी, विनोद जीनगर, हरिकेश मीना, गोविन्द बोराणा, महेंद्र जांगिड़, कर्मचारी ओम प्रकाश माली, नेकीराम, मुकेश सैन, नवरतनमल, गटाराम सुथार, जालम सिंह, अनामिका,प्रियंका प्रजापति, लीला देवी, धापू देवी सहित काफी संख्या में भाग लिया।

अधीक्षण अभियन्ता ने कर्मचारियों से अपने नाम की पर्ची डलवाकर लॉटरी सिस्टम से ड्रॉ खुलवाया और तीन नाम निकाले, इनाम देकर उत्साह बढ़ाया।

# बार-बैंच एक सिक्के के दो पहलू है : हारून


जालोर अभिभाषक संघ ने स्थानांतरित हुए न्यायाधीशों को विदाई दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अभिभाषक संघ जालोर की ओर से शनिवार को अभिभाषक सभागार में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा व न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शैल कुमारी का स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई।

अभिभाषक संघ जालोर के अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान ने बताया कि अभिभाषक संघ द्वारा पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित का स्थानांतरण पोक्सो न्यायालय बालोतरा होने, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा का स्थानांतरण एडीजे सीकर व पारिवारिक न्यायालय की न्यायाधीश शैल कुमारी का स्थानांतरण हनुमानगढ होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभाषक संघ द्वारा स्थानांतरित हुए न्यायाधीशो का माला, साफा व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश हुकमसिंह ने कहा कि बार व बैंच एक गाडी के दो पहिए है। जालोर बार एसोसिएशन से मुझ पूर्ण स्नेह मिला। मेरे कार्यकाल में किसी भी अधिवक्ता से किसी प्रकार से कोई परेशानी नही आई। जो समन्वय जालोर बार में बना ऐसा मैने कही नही देखा। उन्होने सरकारी अधिवक्ताओं का भी सहयोग करने पर धन्यवाद दिया। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि मेरे करीब तीन साल के कार्यकाल में सभी का पूर्ण सहयोग मिला, जो सहयोग जालोर बार से मिला उन्हे वे कभी नही भूलेगे। वही पारिवारिक न्यायालय की न्यायाधीष शैल कुमारी ने कहा कि स्थानांतरण जरूर हुआ है। लेकिन उनका जालोर छोड़ने का मन नही कर रहा हैं। लेकिन स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। उन्होने जालोर अभिभाशक संघ के समस्त अधिवक्ताओं का सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया। वही जिला एवं सैंषन न्यायाधीश हारून ने कहा कि बार एवं बैंच एक सिक्के के दो पहलू है। दोनो के बीच समन्वय से ही कानूनी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सकती है। उन्होने कहा कि न्यायिक क्षेत्र में तीन साल का एक स्थान पर एग्रीमेंट होता है। उसके बाद स्वत: ही स्थानांतरण होना स्वाभाविक है। जालोर बार से हमेशा न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग मिलता रहा है। सभी स्थानांतरित हुए न्यायाधीशो ने बार एसोसिएशन का आभार प्रकट किया। वही बार एसोसिएशन ने भी उनकी स्मृति के साथ विदाई दी। इसके बाद अभिभाषक के अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान परमानंद शर्मा, सरदार खान खोखर, बंसत कुमार गहलोत, गुणेश सिंह राजपुरोहित, सिकंदर अली सैयद, सुरेन्द्र कुमार दवे, गोपालसिंह, चुन्नीलाल राजपुरोहित, गोपाल जोषी, ओमप्रकाश व्यास, मुमताज अली सैयद, तरूण सोलंकी, दौलतराज बराडा, संतोष भारती, चेनाराम चौधरी, सवाराम पटेल, मोहनसिंह राणावत, रामसिंह, सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गर्मी में आमजन विशेष ऐहतियात बरते : डॉ. चौधरी

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में बढ रही गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। वहीं गर्मी के मौसम में जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने की विभाग ने निर्देश दिए गए हैं।

सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिए कि राज्य, जिला स्तर एवं राष्ट ीय आपदा प्रबंधक प्राधिकरण (नई दिल्ली), आपदा प्रबंधकन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (राजस्थान, जयपुर) से मिले निर्देशों एवं वीडियो कांफ्रेसिंग में मिले निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करें तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें।

सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिपसेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्रदोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं।

प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाए तथा रेपिडरिस्पांस टीम एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित करें।

# जालोर में 185 वाहन चालकों के चालान बनाए


जालोर में पुलिस ने कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवासई की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग जालोर कि ओर से 1 से 4 मई तक संयुक्त जांच अभियान की संयुक्त कार्यवाहा उल्लघंनकर्ता वाहन चालकों के विरूद्ध 185 चालान किये गये।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार ज्ञानचन्द्र यादव जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशानुसार रामेश्वरलाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर एवं गौतमकुमार वृताधिकारी वृत जालोर के सुपरविजन में जिला परिवहन अधिकारी श्री छगनलाल मालवीय परिवहन विभाग एवं सोहनलाल उप-निरीक्षक पुलिस, प्रभारी यातायात द्वारा चलाये गये विशेष संयुक्त अभियान के दौराने शहर में वाहन चालकों को एमवी एक्ट के नियमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर यातायात नियमों के उल्लघंनकर्ताओं के विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के तहत तेजगति के 11 चालान, बिना हेलमेट के 06 चालान, बिना सीटबैल्ट के 42 चालान, वाहन चलाते समय मोबाईल से बात करने वालों के 06 चालान, रोंग साईड के 18 चालान, तीन सवारी दुपहिया वाहन के 45 चालान काटे गए।

काली शीशे व फिल्म के 11 चालान, ऑवरलोड वाहन के 08 चालान, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना के 01 चालान, ट्रेक्टर ट्रोली के पीछे रिफ्लेक्टर नही लगाना के 02 चालान तथा अन्य एमवी एक्ट के 35 चालान उक्त अभियान के दौराने अब तक कुल 185 चालान बनाये गये।

# चार जगह से बाइक चोरी हुई

■ जिला पूर्व एवं पश्चिम में बाइक चोरी के चार प्रकरण दर्ज

**जोधपुर** (कासं)। कमिश्नरेट में वाहन चोरी की घटनाएं नहीं रूक रही। लगातार वाहन चोर गाडियां चुरा रहे है। जिला पूर्व एवं पश्चिम में बाइक चोरी के चार प्रकरण दर्ज हुए है।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि जगदंबा बस्ती प्रतापनगर निवासी गगनराज पुत्र महेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह कि 3 मई महात्मा गांधी अस्पताल आया था। जहां पर गेट संख्या 1 के बाहर अपनी बाइक को खड़ा किया था।

कुछ देर बाद वापिस लौटा तो बाइक अपने स्थान पर नहीं मिली। कोई उसे चुरा ले गया।

इसी तरह प्रतापनगर पुलिस के अनुसार दाऊ की पोल सूंथला निवासी राजपाल सिंह पुत्र गंगा सिंह ने रिपोर्ट दी कि वह कायलाना गया था। जहां कायलाना सर्कि ल के पास से उसकी बाइक चोरी हो गई।

जबकि चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में 21 सेक्टर निवासी पंकज सैन पुत्र स्व. बाबूलाल सैन ने पुलिस को बताया कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति उसके घर के बाहर से बाइक को चुरा ले गया। वहीं रामपुरा मथानिया निवासी विक्रम पुत्र विजय सिंह माली की बाइक रात को घर के बाहर से चोरी हुई। उसने मथानिया थाने में रिपोर्ट दी है।

## घर से निकली किशोरी की हौद में मिली लाश

**बाप**, (निसं)। बाप कस्बे में शुक्रवार शाम घर से बिता बताये निकली किशोरी की शनिवार सुबह घर के पास ही पीएचईडी परिसर में बने पानी के हौद में लाश मिली। पुलिस ने पीएम करवाने के बाद शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है।

एएसआई नसीर खां ने बताया कि बाप निवासी जगदीशचंद्र पालीवाल पुत्र राणीदान पालीवाल की पुत्री कविता (19) शुक्रवार शाम करीब साढे पांच छह बजे के बीच घर से बिना बताये निकल गई थी। परिजनो ने आस पडौस में काफी तलाश की, लेकिन वह मिली नहीं। देर रात उसके चाचा परमसुख पालीवाल की रिपोर्ट पर गुम शुदगी दर्ज की। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस भी उसकी तलाश में जुट गई।

शनिवार सुबह 8 बजे पीएचईडी परिसर में बने हौद के पास चप्पल वगैरा मिलने पर शक जताया कि वह कविता के हो सकते है।

सूचना पर एएसआई नासीर खां, मुख्य आरक्षी राजेंद्रसिंह, कांस्टेबल अर्जुनराम, मनोज कुमार व नवीन पहुंचे। तहसीलदार शिव प्रसाद शर्मा, पूर्व सरपंच किशनलाल पालीवाल सहित गांव के कई लोग भी मौके पर पहुंचे। हौद में पानी भरा हुआ था। इसलिए तैराक सिकन्दर, शाबिर, मुकेश, खुशालचंद आदि को अंदर उतारा गया। साथ ही हौद को खाली भी करवाया गया। हौद में पानी उतरते ही एक लाश मिल गई, जिसकी पहचान कविता के रूप में हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनो को सुपुर्द कर मृतका के चाचा परमसुख की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया।

# भाटी को जेड प्लस सुरक्षा की मांग ने जोर पकड़ा

**जालोर**, (कासं)। बाड़मेर के शिव से विधायक व बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग को लेकर शनिवार को राजपूत समाज जालोर के लोगों ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम कलेक्टर पूजा पार्थ को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि हाल ही लोकसभा चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी को असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के जरिये धमकियां दी जा रही है। विभिन्न समाजों द्वारा भाटी के सुरक्षा की मांग की जा रही है बावजूद इसके सरकार कोई उचित निर्णय नहीं ले पा रही है। गौरतलब है कि पूर्व में भी राजपूत समाज के सामाजिक संगठन के पदाधिकारी की हत्या कर दी गई थी। जबकि वो सुरक्षा की मांग कर चुके थे। ज्ञापन में बताया कि रविन्द्र भाटी का प्रतिदिन कई लोगो से मिलना जुलना रहता है। ऐसे में कोई भी असामाजिक तत्व कभी भी ऐसी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## समर्थकों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग भी बताई

ज्ञापन में बताया कि चुनाव के समय समर्थकों के साथ हुई हिंसा के विरोध में न्याय की मांग को लेकर 27 अप्रेल को बालोतरा एसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रविन्द्र सिंह भाटी व उनके समर्थकों पर द्वेषतापूर्ण किए गए झूठे मुकदमें दर्ज किए गए हैं, जो न्यायसंगत नहीं है।

इस अवसर पर राजपूत समाज के लोगों ने मांग की है कि रविन्द्र भाटी व उनके समर्थकों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाए। साथ ही भाटी को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। भाटी के साथ अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो उसका जिम्मेदार सरकार व प्रशासन होंगे। साथ ही प्रतापदान चारण के मामले में निष्पक्ष जांच के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

इस दौरान करणी सेना जिलाध्यक्ष चंदनसिंह कोराना, कांग्रेस नेता लालसिंह राठौड, गजेंद्र सिंह बादनवाडी, व्यापार संघ जिलाध्यक्ष जालमसिंह नरावत, भंवरसिंह धलुन्दा, धीरेंद्र सिंह, भीमसिंह, शैतानसिंह, कृष्णपाल सिंह राखी, महेन्द्र सिंह पोसाना, परबतसिंह, खुशपाल सिंह बालोत रूपेंद्रसिंह सामुजा, जीवनसिंह देवकी, रतनसिंह समेत राजपूत समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



पाली शहर में लोग ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

## पाली में सर्वसमाज ने रोष जताया

**पाली**, (नि.सं.)। शिव विधायक व बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी की सुरक्षा की मांग को लेकर सर्वसमाज ने पाली कलेक्ट्रेट आफिस पर प्रर्दशन कर जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की। श्री राजपूत करणी सेना संरक्षक गजेन्द्र सिंह कालवी ने कहा कि पहले भी सुखदेव सिंह गोगामेडी की भी सुरक्षा मांगी लेकिन नही मिली और फिर हत्या हो गई इसलिए सर्वसमाज के लाडले रविन्द्र सिंह को सुरक्षा दे।

श्री राजपूत करणी सेना पाली जिला अध्यक्ष अजयपाल सिंह हेमावास ने कहा कि चुनाव के समय समर्थको के साथ हुई हिंसा के विरूद्ध न्याय की मांग को लेकर बालोतरा में एसपी ऑफिस के सामने शांतिपूर्वक धरने में भी प्रशासन ने रविन्द्र सिंह व उनके समर्थकों पर मुकदमा दर्ज किया जो की लोकतंत्र में न्याय संगत नहीं हैं।

रावणा राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि प्रतापदान चारण प्रकरण में दोषियों की गिरफ्तारी व निष्पक्ष जांच हो ।

श्री राजपूत करणी सेना के मीडिया प्रभारी विरेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि जय भवानी राजपूत संस्था अध्यक्ष छोटू सिंह उदावत, बाघ सिंह गुड़ा पृथ्वीराज, रावणा राजपूत समाज पाली जिला अध्यक्ष परमेंद्र सिंह परिहार, मेवाड़ा युवा महासभा जिलाध्यक्ष कमलेश मेवाड़ा , शिव सेना ठाकरे सोहन सिंह राव, शिवसेना शिंदे तख्त सिंह सोलंकी, सनातनी सेना अध्यक्ष हीर सिंह राजपुरोहित, श्री पाली गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन महेंद्र सिंह चांदावत, गोपाल सिंह शेखावत, मजदूर यूनियन से गोपाल सिंह , दलपत सिंह गुड़ा कुम्पावत, महावीर सिंह टेवाली, हिम्मत सिंह करनवा, सवाई सिंह जैतावत, मनोहर सिंह रामासिया, महेंद्र सिंह रामासिया, केसर सिंह हेमावास, धर्मेंद्र सिंह चांदावत ,लक्ष्मण सिंह हेमावास, सज्जन सिंह हेमावास, शक्ति सिंह हेमावास, चतर सिंह हेमावास, सोहन सिंह हेमावास, भेरू सिंह नोखा,भीम सिंह हेमावास,भंवर सिंह तापु, रतन सिंह राजपुरोहित , लाल सिंह शेखावत, विरेन्द्र सिंह जोधा, भवानी सिंह राजकियावास, लोकेंद्र सिंह सोनीगरा, विक्रम सिंह भाटी, अंकित धोका, गोविंद चारण, सुरेश विश्नोई, महेंद्र सिंह कोलू, देवल सिंह भाटी, भगत सिंह, सवाई सिंह सोढा,ताराचंद महेश्वरी भावेश घांची, धीरज उदेश, जीतू बोथरा, कार्तिक गहलोत, रवि जोशी ,अर्जुन बंजारा, जितेंद्र सिंह भाटी , भरत सिंह भाकरीवाला, प्रेम सिंह हरसानी, रविंद्र सिंह खींची, जनक सिंह भाटी , नरेन्द्र सिंह बिरामी, भंवर सिंह भाटी, महेंद्र परिहार, , यशवंत सिंह चुंडावत, नरेंद्र सिंह भुनास, पर्वत सिंह, भवानी सिंह राजपुरोहित, कुलदीप सिंह भाटी व सर्वसमाज के लोग मौजुद रहे।

# ऋषि दवे वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष बने


जालोर में ऋषि कुमार दवे को वरिष्ठ नागरिक संस्थान का जिला अध्यक्ष बनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। सीनियर सिटीजन के मानक प्रबंधक ऋषि कुमार दवे को सर्वसम्मति से वरिष्ठ नागरिक संस्थान का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। वही अब प्रबंधक के नाते देवेंद्र कुमार नाग कार्य करेंगे।

सीनियर सिटीजन वाचनालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक में नारायण लाल भट्ट ने ऋषि कुमार दवे के वरिष्ठ नागरिक संस्थान के जिला अध्यक्ष का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन राम जीवन फिडोदा, अंबालाल माली, भंवरलाल सुथार, साहित्यकार पुरुषोत्तम पोमल एवं ललित कुमार दवे ने किया।

नारायण लाल भट्ट ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सेठ के निर्देशानुसार पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार दवे के स्वर्गवास से रिक्त पद की पूर्ति के लिए आज आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने कहा कि ऋषि कुमार दवे गत 8 वर्षो से प्रबंधक का कार्य संभाल रहे हैं इनकी कार्य दक्षता, समय की पाबंदी एवं संगठानात्मक कार्य प्रशंसा के योग्य है।

इस अफसर पर जालोर नागरिक बैंक के उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जालौर जिले के 6० वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक संस्थान का लाभ लेवे।

बैठक में देवेंद्र कुमार नाग को सीनियर सिटीजन वाचनालय का मानक प्रबंधक नियुक्त किया गया ।

इस अवसर पर कानाराम प्रजापत, पुखराज शर्मा, भगाराम सुथार, सावलचंद माली, रामकुमार भूतडा एवं लक्ष्मी नारायण दवे सहित अन्य सीनियर सिटीजन उपस्थित थे।



मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरा छोटा सा मजाक भारतीय राजनीति में किसी की पैरवी या विशेषज्ञता के तौर पर नहीं देखा जाएगा। एक नेता मेरे प्रिय खेल के बारे में टिप्पणी कर रहा है, मुझे यह दिख रहा है। - गैरी कास्परोव

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी, सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट वायरल होने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## मनीषा चौहान

उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## गांगुली ने की भविष्यवाणी, इन दो टीमों को बताया बेस्ट

नई दिल्ली, 4 मई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने दो टीमों को बेस्ट बताया है। दरअसल, गांगुली ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया



को दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के रूप में चुना है। टूर्नामेंट की शुरुआत 2 जून से हो रही है। गांगुली ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे वर्ल्ड कप 2023 की फाइनलिस्ट हैं। उम्मीद है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना दबदबा बनाए रखेगा।सौरव गांगुली ने कहा कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं मुझे यकीन है कि वे अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी ऐसा ही करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सुपर-8 में जगह बनाएंगी। टीम इंडिया ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में भारतीय टीम के अलावा पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका की टीम भी शामिल हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। इस ग्रुप में उनके अलावा इंग्लैंड, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें शामिल हैं।

## बरसों बाद 2011 वर्ल्डकप ट्रॉफी देख क्या सोच रहे थे धोनी

नई दिल्ली, 4 मई। टी-2 2024 की विश्वकप ट्रॉफी को देखकर क्या सोच रहे थे इस राज से परदा उठा चुका है। खुद धोनी ने इसके बारे में बताया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान एमएस धोनी से इस बारे में सवाल पूछा गया था। इसके जवाब में धोनी ने वह राज खोला। बता दें कि कुछ दिन पहले चेन्नई सुपर किंग्स की टीम मुंबई में अपना आईपीएल मैच खेलने पहुंची थी। इसी दौरान धोनी बीसीसीआई मुख्यालय पहुंचे थे। तभी धोनी की 2011 की विश्वकप ट्रॉफी के साथ फोटो सामने आई थी। ट्रॉफी को टच करते हुए धोनी पुरानी यादों में खोए नजर आ रहे थे। जो वीडियो सामने आया है, उसमें धोनी किसी कार्यक्रम में स्टेज पर बैठे हुए हैं। उनके साथ ड्वेन ब्रावो भी नजर आ रहे हैं। इसी दौरान एंकर धोनी से सवाल पूछती है। वह कहती है कि हाल ही में आपने 2011 के विश्वकप ट्रॉफी को रिविजिट किया था। इसको टच करते हुए आपकी तस्वीर आई थी। इस दौरान सबसे पहला सवाल आपके मन में क्या आया था? जवाब देने से पहले धोनी कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पूछते हैं कि यह सवाल किसका है?

# बेंगलुरु की लगातार तीसरी जीत

## // प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार //



नई दिल्ली, 4 मई। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात 19.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने 13.4 ओवर में 6 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। स्वप्निल सिंह ने राशिद खान के खिलाफ विनिंग सिक्स लगाया।

कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 23 बॉल पर 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 27 बॉल पर 42 रन बनाए। दोनों ने 92 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। गुजरात से जोशुआ लिटिल ने 4 विकेट झटके, जबकि नूर अहमद को 2 सफलताएं मिलीं।

राहुल तेवतिया 35, डेविड मिलर 30 और शाहरुख खान 37 रन बनाकर आउट हुए। राशिद खान ने 18 रन बनाए। बेंगलुरु से मोहम्मद सिराज, विजयकुमार वैशाख और यश दयाल ने 2-2 विकेट लिए।

11वें ओवर में बेंगलुरु ने छठा विकेट भी गंवा दिया है। यहां विराट कोहली 42 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाथों कैच कराया। उन्होंने विल जैक्स (एक रन) को भी आउट किया। 11 ओवर के बाद बेंगलुरु का स्कोर 117/6 रहा। 10वें ओवर में बेंगलुरु ने 5वां विकेट भी गंवा दिया है। यहां कैमरन ग्रीन एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोशुआ लिटिल ने शाहरुख खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल (4 रन), इम्पैक्ट प्लेयर रजत पाटीदार (2 रन) और फाफ डु प्लेसिस (64 रन) को भी आउट किया। बेंगलुरु ने 8वें ओवर में चौथा विकेट गंवा दिया है। ग्लेन मैक्सवेल 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोशुआ लिटिल ने डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। उन्होंने ओवर की तीसरी बॉल पर इम्पैक्ट प्लेयर रजत पाटीदार (2 रन) को भी आउट किया। लिटिल मैच में तीन विकेट ले चुके हैं।

## चेन्नई के खिलाफ टीम में परिवर्तन की जरूरत नहीं पड़ेगी : जोशी

धर्मशाला, 4 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में लगातार दो जीत से उत्साहित पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने कहा कि रविवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में टीम में संभवतः बदलाव की जरुरत नहीं होगी।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से पंजाब किंग्स का मुकाबला होगा। पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच सुनील जोशी ने शनिवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, धर्मशाला का मैदान क्रिकेट खेलने वाले देशों में सबसे अच्छे मैदानों में से एक है, हमें यहां खेलने का स्थान और सतह मिलती है। यह एक शानदार मैदान है। पंजाब ने पिछले सप्ताह विश्व टी20 में रिकॉर्ड 262 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराया था। इस सप्ताह की शुरुआत में, किंग्स ने 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट और 13 गेंद शेष रहते हुए सीएसके पर बड़ी जीत हासिल की थी। जोशी ने कहा, नहीं, हमें नहीं लगता कि हम कोई बदलाव करेंगे। क्योंकि हम विजेता टीम को बरकरार रखना चाहते हैं।

टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की चोट को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा धवन का पुनर्वास सही रास्ते पर है। वह अच्छा कर रहे हैं। वह अगले गेम के लिए उपलब्ध नहीं हैं। उम्मीद है कि वह अंतिम दो मैचों के लिए वापस आ जाएंगे। शिखर पिछले साल भी घायल हो गए थे। वह अच्छा खेल रहे थे लेकिन उनकी चोट के कारण सैम करन को कप्तान बनना पड़ा। सैम एक बार फिर एक लीडर के रूप में सामने आए हैं और उन्होंने टीम के साथ कदम बढ़ाया है।

टूर्नामेंट उस स्तर पर पहुंच गया है जहां सभी टीमें शीर्ष चार स्थानों पर कब्जा करने और प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। स्पिन कोच ने जोर देकर कहा कि उनकी टीम का ध्यान सही नतीजे हासिल करने पर है और अंक तालिका की गणना पर उसका ज्यादा ध्यान नहीं है। उन्होने कहा हमने जो टीम बातचीत की है, उसमें हमारा दृष्टिकोण सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना और गेम जीतने के लिए खेलना है। तालिका की गणना अपने आप हो जाएगी।

हम उस हिस्से को बहुत करीब से नहीं देखते हैं। हम जो देखते हैं वही होता है वे क्षेत्र हैं जिनमें हम बेहतर कर सकते हैं, हमने पिछले कुछ मैचों में क्या नहीं किया है, हम क्या सर्वश्रेष्ठ कर सकते हैं और एक टीम के रूप में हम कैसे सुधार कर सकते हैं, यही हमारी खिलाड़ियों के साथ बातचीत है। उन्होंने कहा, हमारी कार्ययोजना जीतते रहने की है। चुनौती हमेशा बल्ले और गेंद से होती है। यह एक अच्छी सतह है। मैं खिलाड़ियों से कहता रहता हूं कि वे अपने कौशल का प्रदर्शन करें।

## टी-20 : 2024 से पहले भारत को लग सकता है बड़ा झटका

# रोहित शर्मा हैं चोटिल

नई दिल्ली, 4 मई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस के लिए एक बुरी खबर आ रही है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पीठ में जकड़न की खबरें आ रही हैं, जिससे आगामी टी20 वर्ल्ड कप में उनकी भागीदारी पर संकट मंडरा रहा है। ईपीएल में केकेआर के खिलाफ मुकाबले में रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। स्टार ओपनर, जो वर्तमान में आईपीएल 2024 में एमआई के लिए दूसरा सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी है को केवल एक इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया गया। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में 12 गेंदों पर 11 रन बनाए। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस पर 24 रन से जीत हासिल की है। मैच के बाद एक इंटरव्यू में, एमआई में रोहित शर्मा के साथी अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने पूर्व कप्तान की अनुपस्थिति के कारण का खुलासा किया। चावला ने बताया कि, उन्हें बस पीठ में हल्की सी अकड़न थी। इसलिए एहतियात बरतने के कारण उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर बनाया गया।

## इवेंट में आने से इंकार करना भारत को पड़ेगा भारी : लतीफ

नई दिल्ली, 4 मई। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ अक्सर भारत को लेक कुछ ना कुछ उलजलूल बोलते रहते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने कहा है कि, भारत अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से मना करता है तो उसे भारी पड़ेगा। सूत्रों ने आईएएनएस को पहले बताया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने ते लिए नहीं जा सकता है। इसमें कहा गया है कि आयोजन स्थान को संभावित रूप से बदले या हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने के बारे में चर्चा हो रही है। वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद लतीफ ने से कहा कि, आप द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं। लेकिन आईसीसी आयोजनों से इनकार करना कठिन होगा। जब आईसीसी अपनी योजना बनाती है, तो टीमों को पता होता है कि उन्हें कहां खेलना है। जैसे पाकिस्तान को पता था कि उन्हें वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाना है, और क्रिकेट बोर्डों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं।

## प्लेऑफ में उम्मीदों को पुख्ता करने की कोशिश में लगे एलएसजी के सामने केकेआर की मजबूत चुनौती



नई दिल्ली, 4 मई। इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा। मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गये है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। टीम आखिरी ओवर में सिर्फ चार विकेट से जीत हासिल कर सकी।

**राजधानी**

# पेपर लीक मामले में सरकारी कर्मचारियों समेत 12 आरोपियों पर इनाम घोषित

- **जेईएन पेपर लीक के मास्टरमाइंड यूनिक उर्फ पंकज भांबू पर एसओजी ने 1 लाख रुपए का इनाम की घोषणा की है।**
- **इसके साथ ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार का इनाम घोषित किया गया है।**

**जयपुर।** प्रदेश में पेपर लीक गैंग की जांच कर रही एसओजी ने शनिवार को फरार चल रहे सरकारी कर्मचारी सहित 12 आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। वहीं, जेईएन पेपर लीक के मास्टरमाइंड यूनिक उर्फ पंकज भांबू पर एसओजी ने 1 लाख रुपए का इनाम की घोषणा की है। इसके साथ ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

वहीं, पेपर लीक और डमी बनकर पेपर देने वाले पोरव कालेर, हनुमान मीणा, शैतानराम विश्वोई, सम्मी उर्फ छम्मी पत्नी गणपत राम विश्वोई, रिंकू और विनोद कुमार रेवाड पर 50-50 हजार रुपए का इनाम रखा गया है। इनके अलावा भंवर लाल, दीपक राहड, वर्षा विश्नोई और सुनील बेनीवाल पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। शैतानराम जोधपुर कमिश्नरेट में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। सम्मी उर्फ छम्मी बाडमेर में सरकारी अध्यापिका है। वर्षा विश्नोई जोधपुर में सरकारी स्कूल में अध्यापिका है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि पेपर लीक मामले में एसओजी ने एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में जो लोग फरार चल रहे हैं, उनके खिलाफ इनाम घोषित किया गया है। एक दो दिन में और लोगों के खिलाफ भी इनाम की घोषणा की जाएगी।

वीके सिंह ने बताया कि यूनिक उर्फ पंकज भांबू की लंबे समय से एसओजी को तलाश है, इसलिए पर उस सबसे अधिक इनाम की घोषणा की गई है। इनमें कुछ आरोपी वो भी हैं, जिन्होंने कैंडिडेट की जगह डमी बैठकर परीक्षा दी थी। एसओजी की कार्रवाई के बाद ये लोग फरार हो गए। इसमें कुछ सरकारी कर्मचारी भी हैं।

यूनिक चूरू की पूनिया कॉलोनी का रहने वाला है। उसका परिवार मूलतः झुंझुनूं के मंडावा में धीरासर गांव का है। यूनिक के पिता जगदीशचंद भांबू भी शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं। उनकी पोस्टिंग चूरू में ही थी। इसीलिए परिवार चूरू आकर रहने लग गया था। यूनिक को वनपाल परीक्षा पास करने के बाद 21 अगस्त 2023 में पोस्टिंग मिली। इसके बाद वह चूरू से अलवर चला गया था। अलवर में ही उसने जॉइन की थी। अलवर में उसकी ट्रेनिंग भी चल रही थी। यूनिक की पत्नी और भाई भी सरकारी नौकरी में हैं।



राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में शनिवार को बेजुबान पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में अधिवक्ताओं द्वारा परिंडे लगाए गए। इस नेक कार्य में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता बसंत सिंह छाबा की उपस्थिति रही।

## रिटायर्ड आई.ए.एस. यदुवेन्द्र माथुर का चैन्नई में निधन



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान कैडर के 1986 बैच के रिटायर्ड आई.ए.एस. ऑफिसर यदुवेन्द्र माथुर का शनिवार को चैन्नई में निधन हो गया। वे करीब 65 वर्ष के थे। चैन्नई स्थित एक अस्पताल में हार्ट सर्जरी के दौरान शनिवार शाम करीब सवा 5 बजे यदुवेन्द्र माथुर ने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। जानकारी के मुताबिक स्व. माथुर की पार्थिव देह चैन्नई से जयपुर लाई जा रही है। जयपुर में जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित ज्वैल्स ऑफ इंडिया अपार्टमेंट में उनका आवास है। यहीं से स्व. यदुवेन्द्र माथुर की अंतिम यात्रा स्थानीय मोक्षधाम तक निकाली जायेगी।

ज्ञात रहे कि स्व. यदुवेन्द्र माथुर वर्ष 2017 में केन्द्रीय नीति आयोग के सचिव पद से सेवानिवृत हुए थे। वे करीब 3 वर्ष तक केन्द्रीय वित्त मंत्रालय में एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक भी रहे। इससे पूर्व में माथुर ने राजस्थान वित्त निगम जयपुर के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक तथा राजस्थान राजस्व आसूचना विभाग के डायरेक्टर जनरल के पद पर भी सेवाएं दी। राजस्थान वित्त विभाग के सचिव और प्रमुख सचिव के पद पर भी उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में राजस्थान कैडर के 1986 बैच के टॉपर थे। उनके निधन पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्तमान और पूर्व अधिकारियों ने गहरा शोक जताया है।

## 'रेलवे आठ लाख रुपए अदा करे'

**जयपुर।** रेलवे दावा न्यायाधिकरण ने ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत के मामले में पश्चिम -मध्य रेलवे को आदेश दिए हैं कि वह मृतक के परिजनों को आठ लाख रुपए की राशि बतौर क्षतिपूर्ति अदा करे। न्यायाधिकरण ने इस राशि पर 9 फीसदी ब्याज भी अदा करने को कहा है। न्यायाधिकरण ने यह आदेश अल्लाबंदा व जरीना के क्षितपूर्ति दावे पर सुनवाई करते हुए दिए।

दावे में अधिवक्ता हरिशंकर गौड़ ने न्यायाधिकरण को बताया कि दावाकर्ता का बेटा शाहरुख अपने चाचा के साथ 14 मार्च, 2020 को नागपुर से बनस्थली, निवाई के लिए बिलासपुर-भगत की कोठी ट्रेन में टिकट लेकर बैठा था। ट्रेन के 15 मार्च की शाम सवाई माधोपुर पहुंचने पर शाहरुख बाथरूम की ओर गया। यहां ट्रेन की गैलेरी में हाथ धोने के दौरान झटका लगने और यात्रियों के दबाव के चलते वह चलती गाडी से नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दावे में कहा गया कि गाडी चलने के दौरान झटके लगने के कारण वह नीचे गिरा था।

## वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती-2022 में निकाले गए पदों को नहीं भरने और खाली चल रहे पदों पर वेटिंग लिस्ट से नियुक्तियां नहीं देने पर शिक्षा विभाग और आरपीएससी से जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश धर्मेश काछवाल की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने 28 अप्रैल, 2022 को भौतिक विज्ञान सहित 26 विषयों के स्कूल व्याख्याता पदों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे। भर्ती में भौतिक विज्ञान के 82 पद थे। आयोग ने भर्ती परीक्षा का परिणाम 10 अगस्त 2023 को आया और उसमें याचिकाकर्ता वेटिंग लिस्ट में आया था। याचिका में बताया गया कि मूल सूची में से कई अभ्यर्थियों ने पद पर ज्वाइन ही नहीं किया। ऐसे में वेटिंग लिस्ट के उम्मीदवारों को नियुक्तियां दी जानी चाहिए।

याचिकाकर्ता वेटिंग लिस्ट में पहला स्थान है। भर्ती के कई पद अभी भी खाली हैं।

# पिछली कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों पर नहीं दिया ध्यान, भ्रष्टाचार में ही डूबी रही : भजनलाल

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर विधानसभा कार्यकर्ताओं की बैठक ली**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों में बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया, केवल भ्रष्टाचार में ही डूबी रही। इसलिए आज हर विधानसभा में विकास कार्यों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अपने आवास पर विधानसभा क्षेत्र सांगानेर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में यह बात कही। बैठक में 39 वार्डों के पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी 5 मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से एक विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता रहती है, राजस्थान की भाजपा सरकार उस दिशा में काम कर रही है, निश्चित रूप से किसी भी विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं रहेगा। भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की सरकार ने विकास की गति पकड़ ली है। शुरुआती दिनों में ही विकास कार्य को ध्येय मानते हुए कार्य किए। उसकी चर्चा सभी ओर है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सांगानेर विधानसभा में सभी विकास कार्यों को लेकर सुझाव दें और जहाँ भी विकास की ज़रूरत है चाहे पानी, बिजली, सीवरेज, सेक्टर रोड, सड़कें, अस्पताल, हर घर नल या बारिश के पानी का जमाव की बात हो, उसमें निश्चित रूप से सुधार किया जाएगा और सांगानेर के साथ साथ प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से महापौर सौम्या गुर्जर, श्रीप्रकाश तिवाड़ी अभय पुरोहित, नवरत्न नरानियाँ, अशोक रावतानी, राजेन्द्र खरबास, जगदीश चंद्रावत, ओमप्रकाश शर्मा, अशोक यादव, निर्मल शर्मा भंवर लील आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अग्निपथ योजना से प्रभावित युवाओं से मिले राहुल गांधी

## दिल्ली के जवाहर भवन में राहुल गांधी ने युवाओं से कहा, मेरा युवाओं से यह वादा है कि, अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो तुरंत अग्निपथ योजना को बंद कर देंगे

- इस संबोधन के दौरान राहुल ने कुछ युवाओं को मंच से सवाल पूछने का भी मौका दिया जिसका उन्होंने जवाब भी दिया और अपने घोषणा पत्र को लेकर भी जानकारी साझा की।
- राहुल ने केंद्र सरकार की फ्लैगशिप स्कीम पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि, अग्निपथ योजना से सेना में भेदभाव पैदा हुआ है और यह योजना भारतीय सेना के किसी दफ्तर में नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के दफ्तर में तैयार की गई है।

नई दिल्ली, 4 मई। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के जवाहर भवन में अग्निपथ योजना से प्रभावित युवाओं से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, यह स्कीम भारतीय सेना के लोगों ने नहीं बनाई बल्कि, प्रधानमंत्री मोदी के दफ्तर में बनी है। राहुल गांधी के इस कार्यक्रम को न्याय मंच नाम दिया गया।

राहुल गांधी ने भवन में बैठे युवाओं से वादा किया कि, अगर "इंडिया" गठबंधन चुनाव जीत जाता है तो वे इस योजना को समाप्त कर देंगे और सेना में भर्ती वाली पुरानी प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर देंगे। इस संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने कुछ युवाओ को मंच से सवाल पूछने का भी मौका दिया जिसका उन्होंने जवाब भी दिया और अपने घोषणा पत्र को लेकर भी जानकारी साझा की। राहुल ने कार्यक्रम में बैठे युवाओं से अपील की कि, वह पोलिटिकल सोचें और अपनी ताकत को पहचानें।

सांसद राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना से प्रभावित युवाओं से कहा कि "हमने अपने मैनिफेस्टो में लिख दिया है कि, हम अग्निवीर स्कीम को खत्म कर देंगे। अब आप लोगो का नुक्सान तो हो चूका है और आपको चोट लग चुकी है। आपने आर्मी में जाने का सपना देखा था जो पूरा नहीं हुआ। इसी तर्ज पर जो 1 लाख 50 हजार युवाओं ने आर्मी में जाने का एक सपना देखा था, उनके लिए मेरी सोच है कि जिन 1 लाख 50 हजार युवाओं ने सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी की थी, उन्हें मुआवजा तो मिलना ही चाहिए।"

राहुल ने केंद्र सरकार की फ्लैगशिप स्कीम पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि, अग्निपथ योजना से सेना में भेदभाव पैदा हुआ है और यह योजना भारतीय सेना के किसी दफ्तर में नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के दफ्तर में बनी है। उन्होंने कहा कि, अग्निवीर स्कीम भारतीय सेना के लोगों ने नहीं बनाई। इस स्कीम पर फैसला प्रधानमंत्री के दफ्तर में लिया गया। राहुल ने आगे केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुआ कहा कि अग्निवीर स्कीम बनाने के दौरान न ही सेना, न पॉलिसी मेकर्स और न ही डिफेंस एस्टेब्लिशमैंट पूछा गया था। कुल मिलाकर मोदी सरकार ने अग्निवीर स्कीम बनाने के लिए पूरा सिस्टम बाईपास कर दिया।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे इस योजना की आलोचना करते हुए कहा, अग्निवीर का क्या मतलब है? अग्निवीर का मतलब है कि, जो गरीब लोग है उन्हें पेंशन नहीं देना चाहते, उन्हें हम शहीद का दर्जा नहीं दें चाहते लेकिन अमीर लोगों को यह सब मिलेगा। जो जवान है और शहीद होने के लिए तैयार है उन्हें शहीद होने का दर्जा नहीं मिलेगा। देश में दो तरह के शहीद होंगे एक अग्निवीर जिसको कुछ नहीं मिलेगा और दूसरे नॉर्मल जिसे सब मिलेगा। राहुल ने अंत में कहा कि, अग्निवीर स्कीम के कारण आज सेना में भेदभाव पैदा हो गया है। इस स्कीम ने आर्मी का मनोबल गिरा दिया है। इसीलिए हम अग्निवीर स्कीम को ख़त्म करेंगे और पूरी कोशिश करके युवाओं के लिए रास्ता बनाएंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने प्रचार के दौरान बुजुर्ग महिला को थप्पड़ जड़ा

हैदराबाद, 4 मई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और निजामाबाद लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार तातिपर्थी जीवन रेड्डी विवादों में घिर गए हैं। उनका एक महिला को थप्पड़ मारते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है

- अपने इलाके में प्रचार करने गये निज़ामाबाद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी प्रत्याशी तातिपर्थी जीवन रेड्डी को बुजुर्ग महिला ने वोट देने से मना कर दिया तथा फूल को वोट देने बात कही, जिससे कांग्रेस प्रत्याशी बहुत नाराज़ हो गये।

कि महिला ने कथित तौर पर कहा था कि वह लोकसभा चुनाव में कमल के फूल को वोट देगी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो चुनाव प्रचार के दौरान का है।

महिला की पहचान ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत एक श्रमिक के रूप में हुई है। यह घटना आर्मूर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में सामने आई, जहां कांग्रेस उम्मीदवार अन्य नेताओं के साथ प्रचार कर रहे थे।

# कश्मीर: पुंछ में सुरक्षाबलों के वाहन पर आतंकी हमला, 5 जवान घायल

## पुलवामा (2019) की तरह ही आतंकियों ने घात लगाकर सुक्षाबलों के वाहनों को निशाना बनाया

- बंदूकधारी आतंकियों ने सड़क से गुजर रहे वायुसेना के काफिले पर अंधाधुध गोलीबारी की।
- हमले के बाद सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।

श्रीनगर, 4 मई। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने इंडियर एयर फोर्स (आई.ए.एफ.) के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की। इस हमले में पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। वायुसेना और सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शाम को शशिधर इलाके के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे। इस हमले में पांच जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल जवानों को अस्पताल भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि, सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।

सूत्रों ने कहा कि, बंदूकधारी आतंकवादियों ने सरकारी स्कूल के पास एम.ई.एस. और वायु सेना के वाहन पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। यह आतंकी घटना अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र में गोलीबारी हुई है, जहां चुनाव आयोग द्वारा मतदान पुनर्निर्धारित किया गया है। अब इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।

कश्मीर में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ एक सड़क हादसा भी हुआ। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक सैन्य वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार सेना के एक जवान की मौत हो गई जबकि आठ अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वेरिनाग इलाके में हुआ। इस हादसे में सेना के नौ जवान घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि नौ घायलों में से एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके कारण वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया।

वहीं दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर वहां से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। बांदीपोरा पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट में बताया, भारतीय सेना-13 आर.आर., बांदीपोरा पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की तीसरी बटालियन द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान उत्तरी कश्मीर जिले के चंगाली जंगल अरगाम में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने बताया कि, आतंकी ठिकाने से ए.के. सीरीज की एक राइफल, चार मैगजीन सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

# मारवाड़ियों और प्रवासी राजस्थानियों में भजनलाल का क्रेज़ रहा

## मुख्यमंत्री झारखंड, पश्चिम बंगाल, गुजरात और दिल्ली में संभाएं कर चुके हैं तथा आगे भी कई राज्यों में सभाएं सम्मेलन और रोड शो कार्यक्रम प्रस्तावित हैं

- मुख्यमंत्री भजनलाल के अब तेलंगाना, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

जयपुर, 4 मई (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बाद अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अलग-अलग राज्यों में दौरे कर लगातार चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिन राज्यों में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी/मारवाड़ी रहते हैं, वहां खास तौर पर स्थानीय प्रत्याशियों द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेजने की मांग आ रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के बाद झारखंड के धनबाद, हजारीबाग, राँची एंव पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर, कोलकाता उत्तर और दिल्ली जाकर वहां सभाओं, सम्मेलनों और रोड शो को सम्बोधित कर चुके हैं। इससे पहले वे गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पालनपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री शर्मा आगे तेलंगाना, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के लिए जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि, प्रवासी राजस्थानी कई पीढ़ियों से पूर्वी एवं दक्षिणी राज्यों के कई लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रहते आ रहे हैं और वहां स्थानीय समुदाय में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खासी पैठ है।

## स्पैशल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सहयोगी जद (एस) द्वारा प्रज्वल को उम्मीदवार बनाने की अनुमति भी दी, यही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ना केवल उसके लिए प्रचार किया बल्कि वोट भी मांगे। उन्होंने कहा था "प्रज्वल रैवन्ना को वोट दो, इससे मुझे ताकत मिलेगी।" कर्नाटक के एक भाजपा नेता ने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को कुछ महीनों पहले एक पत्र लिखा था और पार्टी के केन्द्रीय नेताओं को कई वीडिया के अस्तित्व के बारे में बताया था और चेताया था कि, अगर पार्टी जद (एस) से गठबंधन करती है तो पार्टी मुश्किल में आ जायेगी।

## अपना मुस्लिम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होने के कारण ममता राजनीति की नब्ज पहचानने और स्थिति को भांपने की अपनी कला खोती जा रही हैं। ऐसे में पार्टी टूटती हुयी नज़र आ रही है।

पार्टी के स्तंभों में से एक, कुणाल घोष, जिन्होंने विपक्षी राजनीतिज्ञों, सिविल सोसायटी सदस्यों के तीखे हमलों से तृणमूल कांग्रेस का हमेशा सक्षमता से बचाव किया है, ने अब पाला बदल लिया है। घोष अब सन् 2013 से तृणमूल नेताओं द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही चोरी का पूर्ण ब्योरा दे रहे हैं।

घोष ने उत्तर कोलकाता में तृणमूल के विश्वासघाती नेताओं के साथ, ब्लड डोनेशन कैंप के लिए आयोजित एक सभा में मंच साझा करके, पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। घोष ने तापस रॉय, जिन्होंने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस छोड़ी है, की भी खूब तारीफ की।

घोष खुले आम पार्टी के शीर्ष नेताओं की, जो साफ तौर पर ममता बनर्जी और उनके भतीजे की तरफ इशारा करता है, खूब आलोचना कर रहे हैं, यह कहते हुए कि, सब कुछ जानते हुए भी इन लोगों ने आँखें मूँद रखी थीं। घोष के अनुसार, अनियमितताओं की हदें और संबंधित धनराशि दिमाग चकरा देने वाली है।

# 'मोदी जी आप दक्षिण भारत से चुनाव लड़कर तो दिखाइये'

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी को चैलेंज दिया

- गौरतलब है कि, प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर तंज कसा था। इसके जवाब में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री को चुनौती दी है कि, क्या प्रधानमंत्री मोदी में दक्षिण भारत की किसी सीट से चुनाव लड़ने का साहस है।
- पवन खेड़ा ने कहा कि, महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा देश में इतना ज्वलंत है कि, इस बार लोकसभा चुनाव काफी रोचक स्थिति में पहुँच चुका है, इस बार मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है।

नई दिल्ली, 4 मई। कांग्रेस के मीडिया व प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने भाजपा पर शनिवार को जमकर निशाना साधा। साथ ही, उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजाक उड़ाने पर पलटवार किया।

खेड़ा ने पूछा कि, जैसे राहुल में दक्षिण और उत्तर से लड़ने का साहस है, तो क्या प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण से चुनाव क्यों नहीं लड़ते? उन्होंने कहा कि वह तो देश के प्रधानमंत्री हैं फिर दक्षिण से चुनाव लड़ने का साहस क्यों नहीं दिखाते? कांग्रेस नेता ने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी से कह रहे हैं कि डरिए मत, दक्षिण से लड़िए। जैसे राहुल गांधी में दक्षिण और उत्तर से लड़ने की हिम्मत है।

पवन खेड़ा ने देश के लोकसभा चुनाव के रोचक दौर में पहुंचने का दावा किया। उन्होंने कहा कि, कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी नेता महंगाई, बेरोजगारी, महिला अत्याचार और किसानों की दुर्दशा संबंधी विषयों पर बात नहीं कर रहे हैं।

खेड़ा ने कहा, भाजपा नेता चुनाव के दौरान असल मुद्दों पर बोलने की बजाए नए विवाद पैदा कर रहे हैं। हिंदू-मुसलमान की बात की जा रही है। मंगलसूत्र पर भी चर्चा कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस के न्याय पत्र में इस तरह के शब्दों का ही उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दरअसल 10 सालों में भाजपा ने झूठ की गारंटी दी है और अब उसके नेता लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि, देश में महंगाई और बेरोजगारी से सब परेशान हैं। उन्होंने कहा, इन दोनों क्षेत्रों में 10 सालों में क्या किया गया, इस पर क्यों बात नहीं हो रही है। क्या मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुसलमान और पाकिस्तान मुद्दे हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि देश में अब तक जो रुझान सामने आ रहे हैं, उसके अनुसार भाजपा की स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए वह विरासत कर और इस तरह की बातें करने लगे हैं। उनका दावा है कि लोगों में भाजपा के प्रति गुस्सा है।

## तीसरे चरण की वोटिंग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रधानमंत्री की अयोध्या यात्रा से चुनाव के शेष रहे चरणों में भाजपा के पक्ष में एक मजबूत लहर बनाने में मदद मिलेगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दोपहर 3 बजे के लगभग इटावा पहुंचेंगे और उसके बाद सायं 5 बजे के लगभग वे धौरहरा लोकसभा सीट निर्वाचन क्षेत्र में पहुंचेंगे। शाम 7 बजे के करीब प्रधानमंत्री के राम मंदिर पहुंचने की संभावना है।

2019 की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रविवार को छठी बार मोदी अयोध्या का दौरा करेंगे। वर्ष 2019 में उन्होंने अयोध्या में एक जनसभा को संबोधित किया था उसके बाद वे सितम्बर 2020 में मंदिर के शिलान्यास समारोह में शिरकत करने गये थे। उसके बाद अक्टूबर 2022 में वे अभिषेक महोत्सव के दीपोत्सव में शामिल हुए थे। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था और शहर के धर्म पथ व राम पथ पर रोड शो किया था। उसके बाद वे इस वर्ष 22 जनवरी को भगवान राम की राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समारोह में शामिल होने अयोध्या गए थे। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के सभी सातों चरणों में वोटिंग होगी, अब तक लोकसभा के दो चरणों में प्रदेश की 80 निर्वाचन क्षेत्रों में से 16 पर वोटिंग हो चुकी है। वर्ष 2019 के चुनावों में भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 62 पर विजय प्राप्त की थी और उसकी एन.डी.ए. गठबंधन की साझीदार पार्टी अपना दल (एस) ने केवल 2 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

## दिल्ली में आप के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लोकसभा सीट से, कांग्रेस के पूर्व सांसद महाबल मिश्रा ने पश्चिम दिल्ली से और कुलदीप कुमार की दिल्ली पूर्व सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

मिश्रा ने भगवान राम का दर्शन आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद रैली की शुरुआत की और उन्होंने देश में से भाजपा की तानाशाही सरकार को हटाने की प्रतिज्ञा ली। राज्यसभा सांसद संजय सिंह व दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत व पश्चिमी दिल्ली के अनेक विधायक भी उस वाहन में बैठे हुए थे जिसमें मिश्रा सवार थे। इन नेताओं के वाहन के पीछे कांग्रेस व आप पार्टी के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी का झंडा लेकर चल रहे थे। पश्चिम दिल्ली में खास मुकाबला मिश्रा व भाजपा की कमलजीत सेहरावत के बीच है। दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती ने भी अपने परिवार सहित एक मंदिर में दर्शन किए और उन्होंने अपने बेटे के साथ एक रोड शो किया जिसमें बेटा पिता के लिए वोट का आग्रह कर रहा था। पूर्वी दिल्ली में कुलदीप कुमार ने अपना नामांकन पत्र रोड शो में संजय सिंह व दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी के शामिल होने के बाद दाखिल किया।

कांग्रेस के पूर्व मंत्री जय प्रकाश अग्रवाल (70 वर्ष) ने बगैर कोई रोड शो आयोजित किए चांदनी चौक सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अग्रवाल भाजपा के प्रवीण खण्डेलवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में है, अग्रवाल ने अपने 10 वें चुनाव में रैली निकालने को जरुरी नहीं समझा।

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध लंबित 11 मामलों का त्वरित निस्तारण किया

- इनमें 5 अधिकारियों के खिलाफ आरोप प्रमाणित होने पर सी.सी.ए. नियम 16 के तहत दंडित करने का निर्णय लिया।

जयपुर, 4 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों के विरुद्ध लंबित मामलों का शनिवार को निस्तारण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सुशासन में राज्यकर्मियों की अहम भूमिका को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही के 11 प्रकरणों का निस्तारण किया। उल्लेखनीय है कि, इन निस्तारित प्रकरणों में से 2 प्रकरणों में चार विकास अधिकारियों के खिलाफ शिकायत के आधार पर सी.सी.ए. नियमों की धारा 17 ए के तहत जांच का पूर्वानुमोदन किया गया है।

वहीं मुख्यमंत्री ने जीरो टॉलरेंस की नीति का परिचय देते हुए पांच अधिकारियों के विरूद्ध आरोप प्रमाणित होने पर सी.सी.ए. नियम 16 के अंतर्गत दण्डित करने का निर्णय किया है, जिसमें एक सेवानिवृत्त अधिकारी का प्रकरण भी शामिल है। साथ ही, अन्य दो प्रकरणों में संतोषजनक तथ्यों के अभाव में पुनरावलोकन याचिका को खारिज कर दिया है।

# मेघालय में भी पानी की जबरदस्त किल्लत

- पर्यावरणीय नीतियों की अनदेखी ने इस सदाबहार रहने वाले राज्य को 40 डिग्री सैल्सियस के तापमान वाली गर्मी में झुलझने को मजबूर कर दिया है।

शिलाँग, 4 मई। पूर्वोत्तर भारत के पर्वतीय राज्य मेघालय के लू की चपेट में आने के कारण राज्य में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। यह हाल तब है जब दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश वाली जगह सोहरा इसी राज्य में है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल की अंधाधुंध कटाई और बारिश के पानी के संरक्षण की नीति सही ढंग से लागू नहीं होने के कारण ही राज्य को इस संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के प्रतिकूल असर ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। मेघालय बीते कई दिनों से लू की चपेट में हैं। राज्य के कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

## कांग्रेस कर्नाटक के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- राहुल के पत्र के अनुसार वे इस बात से अचंभित हैं कि, भाजपा के कर्नाटक के एक वरिष्ठ नेता ने गृह मंत्री अमित शाह को प्रज्वल के सैक्स टेप की जानकारी पत्र द्वारा दी थी, फिर, भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि प्र.मंत्री मोदी इस उम्मीदवार, प्रज्वल के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान में जोर-शोर से सम्मिलित हुए।

बताया जाता है कि एच.डी. रेवन्ना को उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया, जिस पर उन्होंने यह कहते हुए समय मांगा है कि वह लोकसभा चुनावों के प्रचार में व्यस्त हैं। दो हजार नौ सौ फाइल्स वाली पैन ड्राइव्स के हासन में वायरल हो जाने के बाद होलीनारासिपुरा टाउन पुलिस ने अप्रेल माह के अंतिम सप्ताह में एक केस दर्ज किया था। उससे पहले एक 47 वर्षीया महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि प्रज्वल और उसके पिता ने उसका यौन उत्पीड़न किया है।

## अरविन्दर सिंह लवली...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आदमी पार्टी (आप) का चुनावी गठबंधन होने और पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। उनके साथ जो चार अन्य नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, वे हैं- कांग्रेस के पूर्व विधायक, राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, नसीब सिंह और दिल्ली के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक।

लवली ने इससे पहले यह कहा था कि, उन्होंने सिर्फ पार्टी का पद छोड़ा है, पार्टी नहीं, यद्यपि कांग्रेस नेतृत्व के एक वर्ग के साथ ही आप नेताओं को विश्वास था कि, वे एक बार फिर से भाजपा में शामिल होंगे। पार्टी की धारणा और दृष्टिकोण के नज़रिए से देखा जाए तो 28 अप्रैल को दिया गया लवली का त्यागपत्र कांग्रेस के लिए एक झटका था। उनके इस्तीफे के चार दिन बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने पार्टी छोड़ दी थी। लवली ने इस्तीफे की घोषणा के बाद "आप" सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने "एक्स" पर डाली गई एक पोस्ट में लवली और भाजपा के कथित सम्पर्कों का उल्लेख किया था।

# हेमंत सोरेन को जमानत के लिए अभी और इंतजार करना होगा

- कोर्ट ने सोरेन की जमानत याचिका पर फैसला 10 मई तक के लिए रिज़र्व रख लिया।

रांची, 4 मई। रांची की विशेष प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉण्डरिंग एक्ट (पी.एम.एल.ए.) कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर शनिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। वे फिलहाल रांची जेल में बंद हैं। कोर्ट अब अपना फैसला 10 मई को सुनाएगा। शनिवार को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने लिखित में अपने जवाब दाखिल किए।

ई.डी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली हेमंत सोरेन की आपराधिक रिट याचिका उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को खारिज कर दी थी। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम राहत की मांग करने वाली सोरेन की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया था।

# 'राहुल गांधी और प्रियंका गांधी: कांग्रेस इन दो धड़ों में बंटने वाली है'

## पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने दावा किया कि, प्रियंका गांधी चुनाव नहीं लड़ रही हैं, यह अब उनके समर्थकों के दिलों में ज्वालामुखी का रूप ले रहा है जो 4 जून के बाद फूटेगा

- गौरतलब है कि, बहुत पहले ही कृष्णम ने दावा किया था कि, प्रियंका गांधी पार्टी में चल रही साजिश का शिकार हुई हैं। उन्होंने कहा था, मैंने पहले ही कहा था कि, राहुल गांधी प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव नहीं लड़ने देंगे।

नई दिल्ली, 4 मई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वायनाड के अलावा यूपी की रायबरेली सीट से भी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के भी चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन इस बार उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। इसके बीच, पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने शनिवार को बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस दो गुटों में टूट सकती है। एक गुट राहुल गांधी का होगा, जबकि दूसरा प्रियंका गांधी का। प्रमोद कृष्णम ने यह भी कहा कि, राहुल गांधी को पाकिस्तान से चुनाव लड़ना चाहिए।

पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने कहा, जिस तरह से राहुल गांधी ने अमेठी छोड़ा है, उससे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है। प्रियंका गांधी चुनाव नहीं लड़ रही हैं, यह अब उनके समर्थकों के दिलों में ज्वालामुखी का रूप ले रहा है जो 4 जून के बाद फूटेगा। कांग्रेस फिर से दो धड़ों में टूटेगी। एक राहुल गांधी का होगा, जबकि दूसरा प्रियंका गांधी का। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को रायबरेली के बजाय रावलपिंडी से चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि उनकी लोकप्रियता और मांग पाकिस्तान में बढ़ रही है।

इससे पहले कृष्णम ने आरोप लगाया था कि प्रियंका गांधी पार्टी में चल रही साजिश का शिकार हुई हैं। उन्होंने कहा था, मैंने पहले ही कहा था कि राहुल गांधी प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव नहीं लड़ने देंगे...प्रियंका गांधी के खिलाफ परिवार और पार्टी में एक बड़ी साजिश है। वह परिवार और पार्टी में एक साजिश का शिकार हैं। कृष्णम ने कहा कि राहुल अगर अमेठी से चुनाव नहीं लड़ना चाहते तो वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ सकते थे। राहुल गांधी का मुकाबला रायबरेली में बीजेपी के दिनेश प्रताप सिंह से है, जबकि कांग्रेस पार्टी के केएल शर्मा का मुकाबला अमेठी लोकसभा सीट से सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से है।

बता दें कि, यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट दशकों से कांग्रेस का गढ़ रही है। हालांकि, पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट से राहुल गांधी को हार मिली थी, लेकिन दूसरी वायनाड सीट पर जीत गए थे। इस बार भी अमेठी और रायबरेली, दोनों सीटों से गांधी परिवार के लड़ने की ही अटकलें थीं, लेकिन वायनाड के अलावा राहुल गांधी को पार्टी ने रायबरेली से उतारा, जबकि अमेठी सीट से किशोरी लाल शर्मा को टिकट दिया गया है। प्रियंका गांधी चुनाव नहीं लड़ेंगी।

## रायबरेली में राहुल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गांधी का 55.80 प्रतिशत। कांग्रेस द्वारा राहुल को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारे जाने से पहले ही भाजपा ने इस सप्ताह की शुरुआत में ही यहाँ से उनकी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी थी।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908